दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 11 अंक : 80 | जयपुर, गुरूवार 09 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | PAGE 8+st

# भजनलाल शर्मा रामसेतु जल लिंक परियोजना को लेकर गंभीर, बूंदी के गुहाटा में चंबल एक्वाडक्ट परियोजना की समीक्षा की

## बुधवार को ही करौली के टोडाभीम में नांगलशेर में किसानों से किया संवाद, पुष्कर में महायज्ञ में हुए शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को काफी व्यस्त रहे मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को तीन जिलों के दौरे पर रहे। जिसमें उन्होंने सबसे पहले प्रदेश की बूंदी जिले के गुहाटा में रामसेतु जल लिंक परियोजना से जुड़ी चंबल एक्वाडक्ट परियोजना के कार्यों की समीक्षा की और मौके पर मौजूद निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से साफ कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्यों में पूरी ईमानदारी से निर्माण सामग्री का प्रयोग होना चाहिए मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां रामसेतु जल लिंक परियोजना से जुड़ी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के यहां पहुंचने पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को लेकर जल मंत्री ने पहले ही अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करके पूरे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों के बारे में अवलोकन करके सभी तरह की जानकारियां एकत्रित कर ली थी बातचीत के दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा को बारीकी से जानकारी प्रदान की कितना कार्य हो चुका है और कितना कार्य बाकी है और बचा हुआ कार्य कितने समय में कंप्लीट हो जाएगा इन सब के बारे में जल संसाधन मंत्री ने मुख्यमंत्री शर्मा को विस्तार से बताया जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद भी किया और केंद्र सरकार तथा राजस्थान सरकार की ओर से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी किसानों से पूछा जिस पर किसानों ने सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री शर्मा का आभार जताया। मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों से खाद, बीज और अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की तथा हाल ही में बरसात की वजह से किसानों को जो नुकसान हुआ है उसके बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों को विश्वास दिलाया है कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार उनके नुकसान की भरपाई करेगी बताया गया है कि मुख्यमंत्री शर्मा रामसेतु जल लिंक परियोजना से जुड़े इस चंबल प्रोजेक्ट को लेकर काफी गंभीर है क्योंकि इस प्रोजेक्ट के संपादित होने से लाखों लोगों को पीने का पानी और लाखों किसानों को खेती के लिए समुचित पानी मिल सकेगा और कई जिले इस प्रोजेक्ट से लाभान्वित होंगे इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं कि चंबल नदी के दम पर बनने वाला यह प्रोजेक्ट जल्दी से जल्दी पूरा हो जिससे लोगों को राहत पूरा हो जिससे लोगों को पीने के पानी और किसानों को खेती के लिए समुचित पानी मिल सके ।






## पुष्कर में नया मैदान में यज्ञ में भी शामिल हुए मुख्यमंत्री भजनलाल

बुधवार को ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर में नया मैदान में आयोजित महायज्ञ में अपनी उपस्थिति दिखाई यहां पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों के अलावा यहां साधु संतों ने मुख्यमंत्री शर्मा का जोरदार स्वागत किया क्योंकि पिछले कुछ महीनो से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पुष्कर के साधु संतों के बीच कई बार आपस में बातचीत हुई है पुष्कर कॉरिडोर को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा और साधु संतों के बीच आपस में कई बार संवाद हुआ है और जिस तरह से मुख्यमंत्री शर्मा पुष्कर कॉरिडोर की डीपीआर बनाने के लिए लगातार संबंधित अधिकारियों और क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक आयोजित कर रहे हैं उसे स्थानीय साधु संतों और जनप्रतिनिधियों को भी यह लग रहा है कि अब बहुत जल्दी ही पुष्कर का जबरदस्त तरीके से विकास होने वाला है हालांकि पुष्कर के घाटों के निर्माण और पुष्कर तीर्थ के विकास के लिए भजनलाल सरकार ने बजट में पहले ही प्रावधान किया हुआ है लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर पुष्कर कॉरिडोर के निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का कार्य तेजी से हो रहा है इसीलिए बुधवार को जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक बार फिर से पुष्कर पहुंचे तो वहां पर उनका बहुत ही शानदार तरीके से साधु संतों ने स्वागत किया इस मौके पर भजनलाल शर्मा ने फिर कहा कि पुष्कर तीर्थराज के विकास के लिए सरकार अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी उन्होंने यह भी कहा कि बुधवार का दिन प्रदेश के लिए काफी शुभ साबित हुआ है केंद्र की मोदी सरकार ने जयपुर मेट्रो और रिफाइनरी को मंजूरी देकर प्रदेश के विकास को और पंख लगाने का प्रयास किया है।

## करौली के टोडाभीम के नंगलशेर में किसान सम्मेलन में शामिल हुए भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को करौली जिले के टोडाभीम इलाके में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए यहां पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों से संवाद भी किया और किसानों को केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर यह बताने का प्रयास किया कि सरकार उनकी भलाई और उनके हितों के लिए लगातार काम कर रही है और कई बड़े फैसले भी लिए हैं । मुख्यमंत्री शर्मा ने किसानों से संवाद के दौरान कहा कि पिछले सवा 2 साल में सबसे ज्यादा काम किसानों के लिए सरकार ने किया है और किसानों को पानी बिजली तथा खेती के लिए अन्य सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से काफी मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है जिसमें एक तरफ जहां प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की राशि में राजस्थान सरकार ने अपने स्तर पर 3000 रुपए की और बढ़ोतरी करके किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया तो किसानों को पशुपालन मत्स्य पालन और अन्य उद्योग धंधों के मार्फत भी आर्थिक रूप से मजबूत करने के प्रयास सरकार की ओर से किया जा रहे हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि अब करौली जिले के लोगों को भी दिन में बिजली उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया गया है ताकि किसानों को रात के समय तकलीफ नहीं हो द्य सम्मेलन में मौजूद किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिन में बिजली उपलब्ध करवाने को लेकर उनका गहरा आभार प्रकट किया ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हो गए कामयाब :

# जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण और रिफाइनरी को मोदी कैबिनेट ने दे दी मंजूरी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मेहनत आखिरकार रंग लाई है मुख्यमंत्री शर्मा पिछले कुछ महीनो से लगातार समय-समय पर दिल्ली के दौरे करके केंद्र सरकार से जयपुर मेट्रो रिफाइनरी और अन्य कई बड़े प्रोजेक्ट के बारे में लगातार प्रदेश का पक्ष रख रहे थे जिसमें बुधवार को मुख्यमंत्री शर्मा को कामयाबी भी मिल गई है। मोदी कैबिनेट की बैठक में एक तरफ जहां जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी मिल गई है तो दूसरी तरफ बाड़मेर की पचपदरा रिफाइनरी को भी मोदी सरकार ने स्वीकृति दे दी है। मोदी सरकार के इन दोनों बड़े निर्णय से यह तो साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों से काफी खुश और प्रभावित हैं तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की वर्किंग स्टाइल, ईमानदारी सभी ने पीएम मोदी को काफी प्रभावित किया हुआ है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के विकास और कल्याण के लिए केंद्र की मोदी सरकार से पिछले सवा दो साल में जो भी डिमांड कर रहे हैं वह डिमांड पूरी हो रही है ।

**जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी मिलने से जयपुर के लोगों के चेहरे खिले**

बुधवार का दिन जयपुर के लाखों लोगों के लिए काफी शुभ रहा जब बुधवार को दिल्ली में मोदी कैबिनेट की बैठक ने जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान कर दी। अब यह प्रोजेक्ट बहुत जल्दी ही शुरू होने जा रहा है यह प्रोजेक्ट प्रहलादपुर से टोड़ी मोड तक संपादित होना है जिसमें 36 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। जिसमें 34 एलिवेटेड और दो अंडरग्राउंड स्टेशन होंगे। जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के लिए मोदी कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। यह प्रोजेक्ट 13037 करोड रुपए का है इस प्रोजेक्ट को भी जल्दी से जल्दी शुरू करवाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रयास कर रहे थे और लगातार केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बार-बार दिल्ली में मिलकर जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करवाने का आग्रह कर रहे थे उनके इस आग्रह को पीएम मोदी ने बुधवार को आखिरकार स्वीकार कर ही लिया अब जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण का कार्य बहुत जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। यह प्रोजेक्ट 41 किलोमीटर लंबा होगा सबसे बड़ी बात यह है कि यह कॉरिडोर शहर के उन इलाकों को टच करेगा जहां आज सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव रहता है इससे शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी इसके अलावा जयपुर के लोगों का सफर आसान और समय की भी बचत होगी । यह मेट्रो लाइन सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया, टोंक रोड, एसएमएस हॉस्पिटल, रामबाग स्टेडियम, अंबाबाड़ी और विद्याधर नगर जैसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक और रिहाईसी इलाकों को जोड़ेगी। इतना ही नहीं जयपुर एयरपोर्ट जाने वाली यात्रियों के लिए भी यह बड़ी राहत होगी क्योंकि एयरपोर्ट एरिया में अंडरग्राउंड स्टेशन बनाने की योजना है जानकारी के अनुसार जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण में थोड़ी मोड, हरमाड़ा घाटी, विश्वकर्मा रोड नंबर 14, विश्वकर्मा रोड नंबर 9, विश्वकर्मा रोल नंबर 5, विद्याधर नगर सेक्टर 2, भवानी निकेतन, अंबाबाड़ी, पानीपेच, कलेक्ट्रेट, खासा कोठी सर्किल, गवर्नमेंट हॉस्टल, अशोक मार्ग खासा कोठी सर्किल सवाई मानसिंह अस्पताल नारायण सिंह सर्किल रामबाग सर्किल नेहरू पैलेस गांधीनगर स्टेशन गोपालपुर, दुर्गापुर, बी2 बायपास चौराहा, पिंजरापुर गौशाला, हल्दीघाटी गेट, कुंभा मार्ग, सीतापुरा, गोनेर मोड़, बीलवा सहारा सिटी प्रहलादपुरा मुख्य स्टेशन होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 21 अप्रैल को बाड़मेर की पचपदरा की रिफाइनरी को शुभारंभ करने के लिए आ रहे हैं। रिफायनरी का सभी कार्य कंप्लीट हो चुका है अब सिर्फ इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों शुभारंभ होना बाकी है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस रिफाइनरी के शुभारंभ के लिए 21 अप्रैल की तारीख अपनी ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दे दी है। अब सरकार इस रिफाइनरी के शुभारंभ समारोह की तैयारी में जोर-जोर से जुट गई है इसके लिए बाड़मेर जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से बुधवार से ही युद्ध स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी से जुड़े सभी विषयों पर मंथन करना शुरू कर दिया है । बुधवार को मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक ने रिफाइनरी को स्वीकृति दे दी है इसका बजट 79459 करोड रुपए है । इस रिफाइनरी के शुरू होने से निश्चित रूप से प्रदेश के विकास को जबरदस्त तरीके से गति मिलेगी। खासतौर से राजस्थान का पश्चिमी इलाका विकास की एक नई गाथा लिखेगा क्योंकि यह रिफाइनरी एक तरफ जहां प्रदेश के लोगों को रोजगार देने में बड़ी सहायक साबित होगी तो दूसरी तरफ रिफाइनरी के शुभारंभ से प्रदेश सरकार की तिजोरी में भी काफी अच्छा पैसा आएगा इसके अलावा इस रिफाइनरी के शुरू होने से पश्चिमी राजस्थान में कई जिले औद्योगिक रूप से भी तेजी से विकसित होंगे तथा पश्चिमी राजस्थान में सड़क पानी बिजली आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और विकास तेजी से होगा जिसका सीधा फायदा पश्चिमी राजस्थान के लोगों को मिलेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस रिफाइनरी के शुरू होने से प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उल्लेखनीय कार्यों में एक और बड़ा कार्य उनके अकाउंट में दर्ज हो जाएगा क्योंकि यह रिफाइनरी का प्रोजेक्ट पिछले कई सालों से अटका हुआ था इस प्रोजेक्ट पर बार-बार कई तरह की अड़चन आई और प्रदेश में सरकार बदलने से इस रिफाइनरी के कार्य को ठीक तरह से गति नहीं मिल पाई इसलिए यह रिफाइनरी का कार्य काफी विलंब से कंप्लीट हुआ लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन की बागडोर अपने हाथ में ली उन्होंने रिफाइनरी को अपनी प्रायोरिटी में रखा । और समय-समय पर खुद मौके पर जाकर रिफाइनरी के निर्माण कार्य का अवलोकन करते रहे और वहां पर एचपीसीएल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और निर्माण करने वाली कंपनियां के लोगों के साथ बैठकर रिफाइनरी के प्रोजेक्ट को जल्दी से जल्दी कंप्लीट करने के दिशा निर्देश देते रहे इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को भी यहां मौके पर बुलवाया ताकि मौके पर कार्य तेजी से कंप्लीट हो सके मुख्यमंत्री शर्मा के इन प्रयासों की वजह से ही इस रिफाइनरी का कार्य अब संपूर्ण हो चुका है अब 21 अप्रैल को पीएम मोदी इसका शुभारंभ करने आ रहे हैं और शुभारंभ करने के एक-दो महीने बाद ही यह रिफाइनरी पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगी जानकारी के अनुसार रिफाइनरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ दोनों ही अब युद्ध स्तर से जुट गए हैं रिफाइनरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित होने वाली यह सभा काफी ऐतिहासिक होगी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।



# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
09 अप्रैल, 2026


## पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के कार्य के लिए नोडल अधिकारी एवं सह नोडल अधिकारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शैक्षणिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मंदिरों, मठों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध भारत की विभिन्न विषयों की पांडुलिपि विरासत के देशव्यापी पाण्डुलिपि सर्वेक्षण के कार्य के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सह नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिला कलक्टर के आदेशानुसार पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा राजकीय संग्रहालय अध्यक्ष रेणु मीना, मत्स्य विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार गोपाल कालरा एवं देवस्थान विभाग के निरीक्षक सुमित वर्मा को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने चलाया 'मलेरिया क्रेश कार्यक्रम'

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया एवं चिकिनगुनिया नियंत्रय के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 'मलेरिया क्रेश कार्यक्रम' के प्रथम चरण की शुरूआत 01 अप्रेल 26 से 14 मई 26 तक स्वास्थ्य विभाग के कार्मिको (सीएचओ, एएनएम, आशा) द्वारा पूर्ण सक्रियता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होने सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियो को निर्देश दिये की चिकित्सा विभाग के कार्मिको द्वारा बारिश और मौसम में बदलाव को देखते हुये मच्छरो के पनपने की सम्भावनों के मध्यनजर को विशेष टीमों का गठन कर सघन अभियान चलाकर घर से घर सर्वे करने के निर्देश दिये है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी (स्वा.) डॉ. महेश कुमार बैरवा ने बताया की 'मलेरिया क्रेश कार्यक्रम' के तहत प्रतिदिन घर से घर सर्वे के दौरान सोर्स रिडक्सन और एन्टीलार्वा गतिविधियां संचालित की जा रही है। उन्होने बताया की जिले में जल स्त्रोतो में गम्बूशिया मच्छली, पानी की टंकियों में टेमीफोस एवं पानी के गडढो में एमएलओ डालने के निर्देश दिये है। सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सा अधिकारियो को निर्देश दिये की आपके अधिन गठीत टीमो को अपने-अपने क्षेत्र में घर से घर सर्वे करवाने के उपरान्त डेंगू, मलेरिया एवं चिकिनगुनिया के केस मिलने पर चिन्हित स्थानो पर फोगिंग करवाये तथा हाई रिस्क क्षेत्रो में अतिरिक्त टीमें लगाई जावे साथ ही समस्त चिकित्सा संस्थानो पर सभी प्रकार की दवाईयों की प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिये।

## ग्री इंडिया की डीलर मीट में नई एसी श्रृंखला पेश, 60 डिग्री तक भी प्रभावी कूलिंग का दावा






जयपुर टाइम्स

**नोएडा/पटियाला/कसौली(निसं)।** देश के तेजी से उभरते एयर कंडीशनिंग ब्रांड ग्री इंडिया ने नोएडा, पटियाला और कसौली में भव्य डीलर मीट एवं उत्पाद प्रदर्शन का आयोजन किया। इसमें देशभर से जुड़े डीलर्स और व्यावसायिक भागीदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने अपनी प्रीमियम एसी की नई एवं उन्नत श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसे विशेष रूप से भारतीय मौसम की कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार ये एसी 60 डिग्री सेल्सियस तक की भीषण गर्मी में भी प्रभावी शीतलन प्रदान करने में सक्षम हैं और ऊर्जा बचत के मामले में भी बेहतर हैं। डीलर मीट में उत्पाद प्रदर्शन, तकनीकी सत्र और व्यापार विस्तार रणनीतियों पर चर्चा की गई, जिससे डीलर्स को कंपनी की भविष्य की योजनाओं की जानकारी मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित हिटलर ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल उत्पाद बेचना नहीं, बल्कि ग्राहकों को बेहतर शीतलन अनुभव देना है। उन्होंने कहा कि नवाचार, ऊर्जा दक्षता और मजबूत डीलर नेटवर्क के माध्यम से कंपनी देश में अपनी पहचान मजबूत कर रही है। कंपनी ने इच्छुक डीलर्स एवं ग्राहकों से जुड़ने के लिए संपर्क सुविधा भी उपलब्ध कराई है, जिससे अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## शहीद सैनिक की वीरांगना को मिली अनुकम्पा नियुक्ति,जिला कलक्टर ने सौंपा नियुक्ति पत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों के अनुसरण में जयपुर जिला प्रशासन ने शहीद सैनिकों के परिजनों को संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राजस्थान सेवा (शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति) नियम, 2022 के अंतर्गत सैनिक मदन लाल की धर्मपत्नी सुमन देवी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। सीकर जिले की परडोली छोटी (तहसील सीकर ग्रामीण) निवासी सुमन देवी को कार्यालय जिला कलक्टर, जयपुर में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि'शहीद सैनिकों का बलिदान राष्ट्र की सर्वोच्च धरोहर है''। उनके परिजनों का सम्मानजनक पुनर्वास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहीदों के आश्रितों से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण त्वरित और संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें बिना विलंब सहायता प्राप्त हो सके।

# जिला कलक्टर ने किया पीएम सूर्यघर योजना के विशेष शिविर का निरीक्षण

### पीएम सूर्य घर के आयोजित शिविरों में 239 परिवारों ने कराया पंजीकरण

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने हसन खां मेवात नगर स्थित सामुदायिक भवन में पीएम सूर्य घर योजना के तहत लगाए जा रहे विशेष शिविर का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने शिविर का निरीक्षण कर वहां लगाई गई स्टाल्स का अवलोकन किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि शिविर में आने वाले लोगों को मौके पर ही पीएम सूर्य घर योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान कर उनका योजना में सुगमता से पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना का अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सके, इसके लिए विशेष शिविरों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावे। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को इंडिक्शन कुकर भी वितरित किए।

### आमजन से संवाद कर योजना का लाभ उठाने हेतु किया प्रोत्साहित

जिला कलक्टर ने शिविर में मौजूद लोगों से संवाद कर कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत लाभार्थी परिवार को 1 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 30 हजार रुपये की सब्सिडी, 2 किलोवाट क्षमता वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक वाले रूफटॉफ सौलर सिस्टम के लिए 78 हजार रुपये की सब्सिडी देय है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा पात्र उपभोक्ताओं को 1.1 किलोवाट या अधिक के सौलर सिस्टम पर 17 हजार रूपये की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि योजना में पंजीकरण कराकर ना केवल स्वयं लाभ उठावे, बल्कि अन्य लोगों को भी योजना में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करें।

### आयोजित शिविरों की प्रगति

अलवर शहर में पीएम सूर्य घर के तहत आयोजित शिविरों में 2390 परिवारों ने पंजीकरण तथा कुल 89 आवेदकों द्वारा मौके पर ही वेंडर चयन किया गया।

### यहां होंगे शिविर आयोजित

जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस. बंसल ने बताया कि 15 अप्रैल को स्कीम नं. 8 में प्रताप ऑडिटोरियम के सामने, वैशाली नगर में जीएसएस के पास, विज्ञान नगर में टैल्को जीएसएस के पास एवं बुधविहार में स्टैण्ड के पास, 22 अप्रैल को स्कीम नं. 5 में गर्वनमेंट प्रेस के पास, अम्बेडकर नगर में सामुदायिक भवन, सूर्य नगर व अरावली विहार में सामुदायिक भवन के पास एवं शिवाजी पार्क में हॉस्पिटल के पास, 29 अप्रैल को स्कीम नं. 7 में शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर एवं स्कीम नं. 2/3 में गर्वनमेंट स्कूल के पास विशेष शिविरों का आयोजन होगा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वयर्म प्रजापति, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस. बंसल सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पंच गौरव योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिले में संचालित पंच गौरव योजना के अंतर्गत आगामी वर्ष की कार्य योजना एवं स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

जिला कलक्टर ने योजना के तहत गत वर्ष किए गए कार्यों का मूल्यांकन कर आगामी वर्ष के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल, वन एवं पर्यटन विभाग को एक जिला-एक खेल, एक जिला-एक वनस्पति, एक जिला-एक पर्यटन स्थल, एक जिला-एक उत्पाद एवं एक जिला-एक उपज की अवधारणा के अनुरूप कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा स्वयं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पर्यटन विभाग को पंच गौरव योजना के अंतर्गत स्थापित साइनेज बोर्डों का निरीक्षण करने तथा तिजारा जैन मंदिर के विकास के लिए आगामी वर्ष की विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं कृषि विभाग को एक जिला-एक उपज के तहत चयनित प्याज फसल में किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रोसेसिंग प्लांट जैसे नवाचार विकल्प तलाशने और ठोस योजना बनाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को पंच गौरव योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि जिले की विशिष्ट पहचान, सांस्कृतिक विरासत, खेल प्रतिभा, वन संपदा एवं पर्यटन स्थलों की जानकारी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाई जा सके।बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग उदयभान मीणा, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, सहायक निदेशक उद्यानिकी गोपाल मीणा, सहायक निदेशक पर्यटन टीना यादव, एसीएफ वन विभाग संजय, खेल विभाग की अंजना शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. प्रेमचंद सैनी को पद से हटाने पर सैनी समाज में रोष, 11 अप्रैल को होगी जिलेस्तरीय बैठक

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा संस्थान एवं सैनी समाज की विभिन्न संस्थाओं ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ. प्रेमचंद सैनी को सात दिन के भीतर पदभार से मुक्त किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में बुधवार को सैनी समाज की ओर से प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए महासभा के संरक्षक रमेशचंद सैनी ने कहा कि राजनीतिक द्वेष के चलते सरकार ने डॉ. प्रेमचंद सैनी को पीएमओ पद से हटाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक जाति विशेष के नेता के दबाव में सरकार द्वारा डॉ. सैनी के स्थान पर डॉ. प्रवीण शर्मा को अस्थायी रूप से प्रमुख चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसका सैनी समाज पुरजोर विरोध करता है। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने के लिए 11 अप्रैल 2026 को सैनी समाज के सभी संगठनों की जिलेस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्य सरकार के खिलाफ आगे की कार्ययोजना बनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डॉ. प्रेमचंद सैनी को पुनः पद पर नियुक्त नहीं किया गया तो सैनी समाज के सभी संगठन एकजुट होकर आंदोलनात्मक कदम उठाएंगे। प्रेसवार्ता को प्रेम कोलावत, बाबूलाल झारिया और रमेशचंद सैनी ने भी संबोधित किया। इस दौरान अलवर जिला सैनी महासभा संस्थान के अध्यक्ष अनिल सैनी (गब्बर भाई), महात्मा मोहनदास सेवा समिति अध्यक्ष भौरेलाल सैनी, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज अध्यक्ष हुकमाराम सैनी, सैनी छात्रावास अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय संयोजक दिनेश सैनी, सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष प्रकाशचंद सैनी, युवा महासभा अध्यक्ष संदीप सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले दर्शन संस्थान के महामंत्री अशोक सैनी, सैनी समाज विद्यार्थी उन्नत शिक्षण संस्थान अध्यक्ष विकास बबेरवाल सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मोडिफाइड साइलेंसर वाली 6 मोटरसाइकिलें जब्त, 334 वाहनों के चालान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अलवर पुलिस ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर लगी 6 मोटरसाइकिलें जब्त कीं। साथ ही विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 334 वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आईपीएस) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी (आरपीएस) के निर्देशन में यातायात शाखा अलवर के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा ने टीम के साथ शहर में कार्रवाई की। अभियान के दौरान पावर बाइक्स में लगे मोडिफाइड साइलेंसर, विशेष रूप से पटाखे जैसी आवाज निकालने वाले साइलेंसर वाली इन्फील्ड मोटरसाइकिलों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके पर 6 मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त जेल सर्किल क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत 30 चालान किए गए। वहीं तीन सवारी बैठाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने तथा सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने सहित विभिन्न उल्लंघनों पर कुल 334 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें, दोपहिया वाहनों पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं, लाल बत्ती का उल्लंघन न करें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा अधिक गति से वाहन न चलाएं। यातायात पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों की पालना कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

## सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्था जिला अलवर द्वारा प्रदेश महासचिव स्माइल कायमखानी पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्था जिला अलवर द्वारा राजस्थान प्रदेश पुलिस कल्याण संस्था के महासचिव इस्माइल कायमखानी के अलवर पधारने पर सर्किट हाउस में माला, साफा तथा संस्था का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस मौके पर एक मीटिंग का भी आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद शर्मा सरपंच मालपुर द्वारा की गई। जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा द्वारा संगठन द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा डीजीपी साहब के द्वारा सेवानिवृत कर्मियों की हर तीन माह में विभाग द्वारा मीटिंग लिए जाने के निर्देश दिए जाने पर संगठन ने उनका आभार व्यक्त किया तथा पुलिस अधीक्षक जिला अलवर का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संस्था की मीटिंग हेतु अन्वेषण भवन उपलब्ध कराया जाने की अनुमति प्रदान की। संगठन के पदाधिकारी रामप्रताप, हरि सिंह, जगदीश, महेश, लक्ष्मी चौहान, देवकीनंदन ने भी अपने विचार रखें। इसके साथ ही नये साथी दौलत राम पूर्व संस्थापक अधिकारी पुलिस विभाग तथा राधेश्याम शर्मा पूर्व सब इंस्पेक्टर का स्वागत कर संस्था में शामिल किया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव के द्वारा संगठन के कार्य की समीक्षा की गई, जिन्होंने बैंक खाता खुलवाने संगठन को मजबूत करने तथा सेवानिवृत कर्मियों को सामाजिक कार्यों में भाग लेने तथा स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी देना तथा अपने अनुभवों को साझा करना यातायात नियम हेतु लोगों को प्रोत्साहित करना सीनियर सेवानिवृत कर्मियों की सूची बनाना तथा उनके घर पहुंच कर उनसे संपर्क करना आदि पर प्रकाश डाला। वहीं आरजीएचएस मैं आ रही समस्याओं तथा आठवा वेतन आयोग पर भी चर्चा की गई। अलवर संगठन द्वारा अब तक किए गए कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर राम प्रताप, जगदीश प्रसाद शर्मा, दौलत राम शर्मा, हरि सिंह चौधरी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राधे श्याम शर्मा, दिलीप कुमार शर्मा, रूप सिंह चेची, जय सिंह, सुमित्रा, लक्ष्मी चौहान, सुरेंद्र कौर, ब्रजकिशोर, पून्या राम, सुरेंद्र भारद्वाज, जयनारायण देवकीनंदन, महेश चंद, हीरालाल गुर्जर, नरेंद्र शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने किया जल संरक्षण के कार्यों, फूड स्ट्रीट एवं एनकेप फण्ड से कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण

### जल संरक्षण एवं एनकेप के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा फूड स्ट्रीट से संबंधित प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कर व्यवस्थित संचालन के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को नगर निगम की टीम के साथ जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत नगर निगम कराए जा रहे भूरा सिद्ध, भाखेड़ा व जरखा वाला एनीकट निर्माण कार्यों एवं श्री अग्रसेन सर्किल के पास बन रही फूड स्ट्रीट तथा इसी स्थान पर एनकेप के तहत कराये जा रहे इंटरलॉकिंग टाइल्स, पौधरोपण एवं सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने एनीकट निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्धता से पूर्ण करावे, जिससे वर्षाऋतु के दौरान जल का संचयन होने के साथ भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में आवश्यकतानुसार स्थानों का चिन्हिकरण कर जल संचयन की संरचनाओं का निर्माण कराया जावे। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि पानी के संरक्षण के लिए आमजन को प्रोत्साहित कर रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाये जाएं। इसके उपरान्त जिला कलक्टर ने श्री अग्रसेन सर्किल के पास बन रही फूड स्ट्रीट कार्य का निरीक्षण कर फूड स्ट्रीट पर आवंटियों से स्टॉल चालू कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां किसी भी प्रकार गंदगी ना होवे इसके लिए कचरे के उपयुक्त प्रबंधन हेतु गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण कराकर डस्टबिन का उपयोग करने हेतु पाबंद करें। उन्होंने निर्देश दिये कि यहां पर एनकेप के तहत कराये जा रहे इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं सड़क निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे, जिससे यहां के सौन्दयकरण में वृद्धि हो सके। उन्होंने यहां पर्यावरण संरक्षण हेतु चिन्हित स्थानों पर एनकेप के तहत कराए जा रहे पौधरोपण कार्य का अवलोकन कर निर्देश दिये कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ग्रीनरी का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करावे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कानपुर सेट्रल-असारवा-कानपुर सेट्रल साप्ताहिक स्पेशल का नियमित रेलसेवा के रूप में संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु गाडी संख्या 01919/01920, कानपुर सेट्रल-असारवा-कानपुर सेट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा को गाडी संख्या 20178/20177, कानपुर सेट्रल-असारवा-कानपुर सेट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में 5 दिन नियमित रेलसेवा के रूप में संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 20178, आगराकैंट-असारवा सुपरफास्ट रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से आगराकैंट से सप्ताह में 5 दिन (सोम व मंगल को छोड़कर) 18.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 11.00 बजे असारवा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20177, असारवा-आगराकैंट सुपरफास्ट रेलसेवा दिनांक 9.4.26 से असारवा से सप्ताह में 5 दिन (मंगल व बुध को छोड़कर) 15.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 7.15 बजे आगराकैंट पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर, केशोराय पाटन, बून्दी, माण्डलगढ, चंदेरिया, मावली, राणाप्रतापनगर, उदयपुर सिटी, जावर, डूंगरपुर, शामलाजी रोड व हिम्मतनगर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 2 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 24 डिब्बे होगे। गाडी संख्या 12548, साबरमती-आगराकैंट रेलसेवा दिनांक 8.4.26 से आगराकैंट स्टेशन पर 7.15 बजे के स्थान पर 7.05 बजे आगमन करेगी।

## जोधपुर-भोपाल-जोधपुर रेलसेवा एलएचबी रैक से होगी संचालित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-भोपाल-जोधपुर रेलसेवा को एलएचबी रैक से संचालित की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 14813/14814, जोधपुर-भोपाल-जोधपुर रेलसेवा जोधपुर से दिनांक से 14.4.26 से एवं भोपाल से दिनांक 15.4.26 से एलएचबी रैक से संचालित होगी। इस रेलसेवा में एलएचबी रैक के 1 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनोमी, 7 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 1 पॉवरकार श्रेणी व 1 गार्ड डिब्बे सहित कुल 19 डिब्बें होगें।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर गहलोत, डोटासरा, जूली सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने गहरा अशोक प्रकट किया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, अलवर के पूर्व सांसद और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास , कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शांति धारीवाल सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है उल्लेखनीय है कि 93 साल की उम्र में बुधवार को कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसीन कीदवई का निधन हो गया कांग्रेस पार्टी की इस वरिष्ठ महिला नेता के निधन पर देश भर के कांग्रेस जनों में शोक के लहर छा गई क्योंकि यह वरिष्ठ महिला नेता नेहरू और गांधी परिवार की काफी करीबी नेता मानी जाती थी और कांग्रेस पार्टी में इनका बहुत अच्छा प्रभाव रहता था इसके अलावा इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सरकार में भी कई बड़े महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी इस महिला नेता को दी गई थी यह महिला नेता उत्तर प्रदेश सरकार में भी मंत्री रह चुकी है और उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से इनका गहरा जमिनी जुदा हो रहा है मोहसीन कीदवई का शुरुआती पॉलिटिकल जीवन उत्तर प्रदेश से ही शुरू हुआ था ।

## झुंझुनूं में कार से नशे की तस्करी करते एक गिरफ्तार:303 ग्राम अफीम जब्त

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** कोतवाली थाना पुलिस ने रीको इंडस्ट्रियल एरिया में नाकेबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार से 303 ग्राम अवैध अफीम बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला विशेष शाखा के कॉन्स्टेबल अनिल कुमार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की स्विफ्ट कार में अफीम ले जाई जा रही है। सूचना में बताया गया कि ड्राइवर सुमेर सिंह पुत्र नौरंगराम जाट, निवासी देसुसर (हाल निवासी आस्था कॉलोनी, रीको) इसे खुर्द-बुर्द करने की फिराक में है। सूचना पर थानाधिकारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हवाई पट्टी और रीको क्षेत्र में तलाश शुरू की। वारिसपुरा रोड स्थित मरूधरा हुण्डई शोरूम के सामने संदिग्ध कार खड़ी मिली। तलाशी लेने पर कार की फ्रंट सीट के पीछे रखी प्लास्टिक थैली से 303 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके से 59 वर्षीय आरोपी सुमेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया और अफीम के साथ कार को जब्त कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस और विशेष शाखा की टीम ने आरोपी के रीको स्थित आवास पर डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन तलाशी ली। इसके बाद देसुसर स्थित फार्म हाउस पर भी दबिश दी गई। यहां अफीम में मिलावट के लिए उपयोग होने वाला गुड़ और अन्य सामग्री बरामद हुई, जिससे मादक पदार्थ में मिलावट की आशंका जताई जा रही है।

## मुख्य सचिव ने ली सांगानेर में टेक्सटाइल प्रदूषण मामलों से संबंधित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

**जयपुर** सांगानेर क्षेत्र में टेक्सटाइल इकाइयों द्वारा फैलाए जा रहे जल प्रदूषण और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई । मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो इकाइयां ड्रेनेज सिस्टम से नहीं जुड़ी हैं या प्रदूषित पानी बहा रही हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने द्रव्यवती नदी में प्रदूषित जल छोड़ने वाली इकाइयों की पहचान के लिए JDA और RSPCB एवं संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त सर्वे शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने नदियों में अपशिष्ट बहाने वाली डिफॉल्टर इकाइयों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि CETP की मरम्मत, सभी इकाइयों द्वारा सहमति के आवेदन और सदस्यता प्रमाणपत्र जारी किए जाएं। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 12.3 MLD क्षमता वाला CETP अपनी क्षमता से काफी कम पर चल रहा है

# रिफाइनरी प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आर्थिक विकास को देगी नई दिशाः मदन राठौड़

### रिफाइनरी परियोजना रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम, लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से 21 अप्रैल 2026 को पचपदरा रिफाइनरी परियोजना का लोकार्पण होगा। इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए राठौड़ ने कहा कि यह परियोजना राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। राठौड़ ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा क्षेत्र में निर्माणाधीन रिफाइनरी परियोजना राज्य के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होने जा रही है, जिसकी आधारशिला वर्ष 2007-08 में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नेतृत्व में रखी गई थी। राठौड़ ने कहा कि रिफाइनरी परियोजना रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगी। पहले जहां 10 से 30 हजार लोगों के रोजगार की संभावना थी, वहीं अब लगभग 90 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर सरकार ने नवाचार करते हुए पाली, बालोतरा एवं जोधपुर क्षेत्र के शोधन किए गए अपशिष्ट जल के उपयोग का प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे आमजन के लिए पेयजल की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। भाजपा सरकार जनसेवा के उद्देश्य से कार्य कर रही है और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राठौड़ ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा इस परियोजना को लेकर किया गया समझौता राज्य के हित में नहीं था, जिससे राजस्थान सरकार पर अत्यधिक वित्तीय भार पड़ने वाला था। उन्होंने कहा कि उस समय बिना समुचित पर्यावरण स्वीकृति एवं वित्तीय स्पष्टता के जल्दबाजी में एमओयू किया गया, जिससे राज्य को भारी नुकसान होने की आशंका थी। राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सितंबर 2013 में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को पचपदरा बुलाकर रिफाइनरी परियोजना का शिलान्यास कराया, जो केवल एक चुनावी ढोंग साबित हुआ। उस समय न तो भूमि का अधिग्रहण किया गया था और न ही आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियां ली गई थीं, जिसके कारण कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना पर कोई ठोस कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। गहलोत सरकार द्वारा किया गया समझौता राज्य के हितों के विपरीत था। इस समझौते के तहत राजस्थान सरकार को 15 वर्षों तक प्रति वर्ष 3,736 करोड़ रुपए बिना ब्याज के संबंधित कंपनी को देने का प्रावधान किया गया था, जो रिफाइनरी परियोजना में क्रूड निकालने का कार्य करती। राठौड़ ने कहा कि जमीन हमारी, तेल हमारा और भुगतान भी हम ही करें, जबकि हमें केवल 26 प्रतिशत इक्विटी मिले और 74 प्रतिशत हिस्सेदारी कंपनी को दी जाए यह पूरी तरह से राज्य के साथ अन्याय था। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के पुनः सत्ता में आने के बाद इस समझौते में व्यापक सुधार किए गए। राज्य सरकार का वित्तीय भार कम करते हुए लगभग 40,000 करोड़ की बचत सुनिश्चित की गई तथा अनावश्यक वार्षिक भुगतान की शर्तों को समाप्त किया गया। साथ ही, परियोजना में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाकर उसे अधिक लाभकारी बनाया गया। वर्तमान में राज्य का वित्तीय योगदान लगभग 16,845 करोड़ तक सीमित किया गया है। राठौड ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा सीज़फायर मध्यस्थता के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए राठौड़ ने कहा कि राष्ट्रीय विषयों पर सभी दलों को एकजुट होकर देशहित में सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने विपक्ष से भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि गहलोत को सोचना चाहिए कि वे किस की पैरवी कर रहे है। पाकिस्तान को दलाल कहने पर गहलोत साबह माफी मांगने के लिए बोल रहे है, यह उनका दोहरा चरित्र दर्शाता है। गहलोत की साहनुभूति भारत के साथ है या फिर पाकिस्तान के साथ! गहलोत और विपक्ष में राष्ट्रभक्ति की जरूरत है।

## रोडवेज के दोसा डिपो के मुख्य प्रबंधक को 20000 और पटवारी को 12000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने गिरफ्तार किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने प्रदेश में बुधवार को दो अलग-अलग जगह पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रिश्वत लेते रंगे हाथों सरकारी कर्मचारियों को अरेस्ट किया है जिसमें रोडवेज के दोसा डिपो के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा को रुपए और हनुमानगढ़ जिले के नोहर में पटवारी प्रदीप कुमार को 12000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक वीरों से मिली जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रोडवेज के दोसा डिपो के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा ने परिवादी से उसके मेडिकल लीव की मंजूरी के लिए रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचारनिरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो कार्यालय ने परिवार की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी विश्राम मीणा को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवादी ने रिश्वत के 20000 रुपए विश्राम मीणा को दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ विश्राम मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने विश्राम मीणा के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च कार्रवाई को अंजाम दे रही है तथा विश्राम मीणा के डिपो कार्यालय में मौजूद सभी तरह के दस्तावेज पत्रावलियां कंप्यूटर डिजिटल डाटा इत्यादि सभी की जांच पड़ताल की जा रही है इसी तरह से बुधवार को ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले के नोहर में आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार ने भूमि के नामांतरण के बदले परिवादी से रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो कार्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक वीरों ने एक कार्य योजना तैयार की ब्यूरो कार्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक वीरों ने एक कार्य योजना तैयार की इसीकार्य ब्यूरो कार्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक वीरों ने एक कार्य योजना तैयार की ब्यूरो कार्यालय ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी पटवारी प्रदीप कुमार को रिश्वत के 12000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ प्रदीप कुमार को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा प्रदीप कुमार के सरकारी दफ्तर में मौजूद सभी तरह के आवेदन पत्रावलियां इत्यादि की भी जांच पड़ताल की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि आरोपी प्रदीप कुमार कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा था और बिना पैसा लिए दिए वह कोई कार्य नहीं कर रहा था इसलिए प्रदीप कुमार के दफ्तर में स्थित सभी तरह के फाइल और कागजातों की जांच पड़ताल की जा रही है तथा हाल ही में प्रदीप कुमार की ओर से जिन फाइलों और आवेदनों का निपटारा किया गया है उनकी भी जांच पड़ताल की जा रही है ।

## मण्डावा में विकास अधिकारी का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा पंचायत समिति में बुधवार को विकास अधिकारी का चार्ज एईएन अमित चौधरी को मिलने के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रायोजक अमित मीणा ने चौधरी को माला पहनाकर व संकट मोचक बालाजी महाराज की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित मीणा, झुंझुनूं सर्व ब्राह्मण एकता मंच युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## एक पेड़ माँ के नाम, लेकिन जंगल-पहाड़ सब माफिया के नामः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य सरकार द्वारा हरियालो राजस्थान के तहत किए जा रहे दावों को अपूर्ण और आंकड़ों की बाजीगरी करार दिया है। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार केवल कागजों पर करोड़ों पौधे लगाकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है जबकि हकीकत में संरक्षण के अभाव में अनेक पौधे दम तोड़ चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि एक तरफ तो सरकार ऐसे अभियान चलाती है लेकिन दूसरी तरफ पेड़ों का विनाश करने में लगी हुई है। जूली ने याद दिलाया है कि यह वही सरकार है जिसके रहते बारां के शाहाबाद के 1.19 लाख पेड़ काटने का फैसला लिया गया उन्होंने कहा कि बिजली प्लांट के लिए लाखों पेड़ काटने का यह प्लान मात्र 22 दिन में मंजूर कर लिया गया है। वहीं बीकानेर में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए खेजड़ी के हज़ारों पेड़ काटे जाने के विरोध में पर्यावरण प्रेमियों ने फ़रवरी 2026 में जब बड़ा आंदोलन किया तो सरकार को उनके आगे झुकना पड़ा। लाखों पेड़ों की बलि देकर हम किस तरह का राजस्थान बना रहे हैं? विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति को पीछे छोड़ देना आने वाले कल के लिए आत्मघाती है। सरकार को समझना होगा कि पेड़ माँ के नाम पर लगाए जा सकते हैं लेकिन उन्हें बचाना समाज और भविष्य के नाम पर अनिवार्य है जूली ने कहा कि सरकार 19 करोड़ पौधारोपण का दावा कर रही है!लेकिन क्या सरकार यह बताने का साहस करेगी कि उनमें से कितने पौधे आज जीवित हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि एक पेड़ माँ के नाम' जैसे भावनात्मक नारों की आड़ में केवल इवेंट मैनेजमेंट किया जा रहा है। पौधे लगाने के इवेंट तो किए जाते हैं लेकिन न तो उनके पानी की व्यवस्था की गई और न ही सुरक्षा की। आज प्रदेश के कई जिलों में ये पौधे जल गए या सूख गए हैं क्या सरकार इससे इंकार करती है ?नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि हरियाली के नाम पर जनता को सुहावने सपने दिखाए गए, लेकिन धरातल पर चारागाह भूमियों पर अतिक्रमण बढ़ रहा है और अरावली की पहाड़ियों का सीना छलनी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सरकार अवैध खनन नहीं रोक पा रही,सरिस्का में माइनिंग लॉबी के आगे झुक गई और पुराने जंगलों को सुरक्षा नहीं दे पा रही, तो पर्यावरण संरक्षण के दावे बेमानी हैं। टीकाराम जूली ने मांग की है कि सरकार द्वारा लगाए गए इन 19 करोड़ पौधों की किसी स्वतंत्र एजेंसी से थर्ड पार्टी ऑडिट करवाई जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और विधानसभा सत्र में सरकार से एक-एक पौधे का हिसाब माँगेगा। जनता के टैक्स के पैसे को इस तरह से पोलिटिकल इवेंट्स में बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय में फिर से शुरू होगा मंत्री दरबार, संगठन से जुड़े नेता भी रोजाना कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक बार फिर से राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य बड़े-बड़ी से बैठकर प्रदेश भर से आने वाले पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निदान भी करेंगे इसके अलावा पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भी रोजाना पार्टी कार्यालय में बैठकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे और फिर उनकी इन समस्याओं के निवारण के लिए संबंधित मंत्री को अवगत करवाएंगे उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्ता और संगठन में बेहतर समन्वय और तालमेल बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ की पहल पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने की प्रक्रिया शुरू आरंभ हुई थी कुछ दिनों तक राजस्थान सरकार के मंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में सप्ताह के तीन दिन में बारी-बारी से उपस्थित होकर उन्होंने प्रदेश बरसे आए पार्टी के कार्यकर्ताओं कीसमस्याओं उपस्थित होकर उन्होंने प्रदेश बरसे आए पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थित होकर उन्होंने प्रदेश के कोने कोने से आए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना भी और उनका निदान भी करवाया लेकिन अलग-अलग कारण की वजह से यह व्यवस्था नियमित रूप से ज्यादा दिनों तक कायम नहीं रह पाई कभी बजट सत्र तो कभी अन्य कारण से पिछले 27 जनवरी से प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों का आना बंद हो गया इसके बाद पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने एक बार फिर से आवाज उठाई है कि पार्टी के प्रदेश के कोने-कोने से पार्टी के कार्यकर्ताओं की डिमांड है कि उनकी समस्याओं को सुना जाए क्योंकि आने वाले दिनों में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव भी होने वाले हैं ऐसे में सत्ता और संगठन किसी भी हालत में पार्टी के कार्यकर्ताओं को नाराज करना नहीं चाहती इसीलिए अभी हाल ही में प्रदेश भाजपा के प्रभारी डॉक्टर राधा गोविंद दास अग्रवाल ने जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ एक बड़ी बैठक आयोजित की थी जिसमें पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने एक बार फिर से प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्री दरबार आयोजित करवाने की जोरदार डिमांड की।

# रिफाइनरी और जयपुर मेट्रो कांग्रेस कांग्रेस की देन, भाजपा ने केवल विकास की गति रोकने का काम कियाः टीकाराम जूली

### भाजपा ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते प्रदेश के विकास को अटकाया लटकाया और भटकाया, जनता से मांगें माफी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन राठौड़ के बयानों को तथ्यों से परे और प्रदेश की जनता को गुमराह करने वाला बताते हुए कहा कि पचपदरा रिफाइनरी की राह में रोड़े अटकाने का पाप भाजपा ने किया है। जूली ने कहा कि जिस रिफाइनरी का शिलान्यास सितंबर 2013 में कांग्रेस सरकार ने 37,230 करोड़ रुपये की लागत के साथ किया था, उसे भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने केवल राजनीतिक द्वेष के चलते ठंडे बस्ते में डाले रखा। भाजपा की इसी नकारात्मक सोच और देरी के कारण आज इस परियोजना की लागत बढ़कर लगभग 80,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गई है। प्रदेश की जनता पर पड़े इस अतिरिक्त वित्तीय भार के लिए पूरी तरह से भाजपा की पुअर प्लानिंग और बदला लेने वाली राजनीति जिम्मेदार है। जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि जो लोग केवल भावनात्मक मुद्दों पर राजनीति करना जानते हैं, उन्हें रिफाइनरी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स की अहमियत और उनकी जटिलताओं का कतई अंदाजा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पचपदरा में रिफाइनरी लगाकर राजस्थान को देश का ऊर्जा हब बनाने का विजन और ऐतिहासिक कार्य कांग्रेस सरकार ने ही किया है। भाजपा ने तो केवल इस विजन की राह में रोड़े अटकाने का काम किया, जबकि कांग्रेस ने हमेशा प्रदेश के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने और राजस्थान को औद्योगिक मानचित्र पर अग्रणी बनाने के संकल्प के साथ काम किया टीकाराम जूली ने भाजपा के दावों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यदि 2013 के बाद भाजपा सरकार ने इस पर काम नहीं रोका होता, तो यह रिफाइनरी चार साल के भीतर ही बनकर तैयार हो जाती। समय पर कार्य पूरा होने से न केवल राजस्थान को बल्कि पूरे देश को पेट्रोलियम उत्पादों और राजस्व के रूप में भारी फायदा होता, लेकिन भाजपा ने अपने राजनीतिक स्वार्थ को प्रदेश के विकास से ऊपर रखा। यह कांग्रेस सरकार की प्रदेश को आगे ले जाने की सोच का परिणाम है कि राजस्थान में वो दिन आ गया है जब रिफाइनरी बन गई है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद केवल समय बर्बाद किया और काम को बाधित किया जिससे प्रदेश के युवाओं को मिलने वाले रोजगार में वर्षों का विलंब हुआ नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि दिसंबर 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद रिफाइनरी के कार्य को युद्धस्तर पर और तेज गति से शुरू करवाया गया। 2018 से 2023 के बीच कांग्रेस सरकार ने बजट आवंटन सुनिश्चित किया और साइट पर निर्माण कार्यों को गति दी, जिसके परिणामस्वरूप आज यह परियोजना लोकार्पण की स्थिति तक पहुँच पाई है।भाजपा पर तंज कसते हुए जूली ने कहा कि जिस काम को उन्होंने सालों तक लटकाए रखा, अब लोकार्पण के समय उसका श्रेय लेने के लिए वे आगे आ रहे हैं। राजस्थान की जनता भली-भांति जानती है कि भाजपा का काम केवल फीता काटना है जबकि उस परियोजना को धरातल पर उतारने और पसीना बहाने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। जूली ने कहा कि भाजपा की विकास विरोधी सोच केवल रिफाइनरी तक सीमित नहीं है, बल्कि जयपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के साथ भी इन्होंने ऐसा ही किया। उन्होंने याद दिलाया कि जयपुर में मेट्रो का विचार से लेकर उसे धरातल पर उतारने का ऐतिहासिक काम कांग्रेस की सरकार ने किया था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा जब-जब सत्ता में आई, उसने जयपुर को विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन देने के इस काम में सिर्फ रोड़े ही अटकाए और राजनीतिक द्वेष के चलते बार-बार काम को बाधित किया। अब भाजपा जिस मेट्रो प्रोजेक्ट का श्रेय लेने की कोशिश में है उसकी असलियत जयपुर की जनता जानती है कि भाजपा ने इसे केवल अटकाने और लटकाने का काम किया है जबकि कांग्रेस ने इसे धरातल पर उतारा।

## सम्पादकीय

# दूषित पेयजलः लापरवाही की कीमत चुकाती जनता



पीने का स्वच्छ पानी सबसे बुनियादी जरूरतों में से एक है, जिसके सुरक्षित होने के सवाल पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। विडंबना यह है कि देश के अनेक हिस्सों में दूषित पेयजल से उपजे जोखिम के मामले सुर्खियों में आने पर सब कुछ ठीक करने के सरकारी आश्वासन जरूर सामने आते है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसी ही घटना कहीं और से सामने आ जाती है। गौरतलब है कि जयपुर के सुशीलपुरा इलाके में दूषित पेयजल से पिछले हफ्ते सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों ने उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाने और बुखार जैसे लक्षणों की शिकायत की। खबरों के मुताबिक, इलाके में सड़क बनाने के काम के दौरान पानी की भूमिगत पाइपलाइन टूट गई, जिससे पेयजल में सीवर का पानी मिल गया। ऐसा लगता है कि न तो स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है, न ही विकास कार्यों के दौरान इस बात का खयाल रखना जरूरी समझा जाता है कि क्या इसकी वजह से दूसरी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। देश के किसी हिस्से में दूषित पेयजल की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब तीन महीने पहले देश के सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए। तब यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण बना था और इसके बाद हर ओर से पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की मांग उठी थी। हकीकत यह है कि आए दिन देश के किसी हिस्से से दूषित पेयजल की वजह से लोगों के बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि जिस दौर में हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें अक्सर ऐसी घटनाएं सामने क्यों आ रही हैं कि लोगों के घरों में दूषित पेयजल पहुंच रहा है। कभी सीवर का पानी पाइपलाइन में मिल जाता है, तो कभी किसी अन्य कारण से जहरीला पेयजल लोगों तक पहुंचता है। विकास कार्यों के संचालन और तालमेल की हालत यह है कि सड़क की खुदाई करते हुए इस बात को लेकर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा जाता कि पेयजल की पाइपलाइन को कोई नुकसान न पहुंचे। सरकार के कामकाज में बरती गई लापरवाही की वजह से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की किसी घटना का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर कदम सख्ती से उठाए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर सच यह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन इसके कुछ समय बाद सब कुछ बदस्तूर चलने लगता है। सरकारी महकमों की लापरवाही और कुप्रबंधन की वजह से जब बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं या उनकी जान जाती है, तो निचले स्तर के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करके समस्या का हल मान लिया जाता है, जबकि इसके वास्तविक दोषी बचे रह जाते हैं। नतीजतन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की खबरों से यही साबित होता है कि आम जनता की सेहत और जिंदगी को लेकर सरकारी तंत्र किस हद तक लापरवाह है। जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के केवल नारे या दावे से समस्या का हल नहीं निकल सकता। भारत में सदियों से मटके का पानी पीने की परंपरा रही है।



## कहानी

# शहज़ादी और लकड़हारा

शहज़ादी सुल्ताना बादशाह की शादी के बाद बड़ी मिन्नतों मुरादों के बाद पैदा हुई थी। बादशाह और मलिका तो उसकी पैदाइश पर खुश थे ही मगर जिस रोज़ वो पैदा हुई थी पूरे मुल्क में खुशी की एक लहर दौड़ गई थी। हर तरफ़ जश्न मनाया जा रहा था। बादशाह को तो यक़ीन ही नहीं आ रहा था कि वो इतनी प्यारी बेटी का बाप बन गया है। वो बार-बार मलिका के पास जा कर बैठ जाता और नन्ही शहज़ादी को देख कर खुश होता। मलिका उसको देख-देख कर मुस्कुराती थी। मलिका ने उससे कहा भी कि वो शहज़ादी को गोद में ले-ले मगर बादशाह ने ये कह कर इनकार कर दिया शहज़ादी इतनी सी तो है, हमारी गोद से गिर न पड़े। शहज़ादी बे-इंतिहा खूबसूरत थी। उसकी आँखें बड़ी-बड़ी, रंग शिहाबी और बाल सुनहरी थे। वो रोती थी तो यूँ महसूस होता था जैसे चारों तरफ़ जल-तरंग बजने लगे हों। उसकी हंसी की आवाज़ कैसी थी, ये कोई नहीं बता सकता क्यों कि इतने छोटे बच्चे हंसते नहीं, सिर्फ़ मुस्कुराते हैं। बादशाह का दिल अब दरबार में भी नहीं लगा करता था, उसका तमाम ध्यान शहज़ादी सुल्ताना में ही लगा रहता था। शहज़ादी सुल्ताना की परवरिश बड़े नाज़-ओ-नअम से हो रही थी। उसके खिलौने सात-समुंदर पार से आते थे। माहिर कारीगर रेशम के कीड़ों से हासिल-कर्दा रेशम से उसके लिबास बनाते थे। उसके जूते निहायत हल्के-फुल्के होते थे क्यों कि वो जानवरों की खाल के बजाय क़ीमती परिंदों की खाल से तैयार किए जाते थे। उस ज़माने में पेमप्रों का रिवाज नहीं था वर्ना मलिका बेश-क़ीमत पेमपर भी मंगवा कर रखती। शहज़ादी सुल्ताना की देख-भाल के लिए खुसूसी कनीज़ें रखी गई थीं, जो हर वक़्त उसके आस-पास रहती थीं। रात को बिस्तर पर मलिका इस कोने पर सोती थी, बादशाह दूसरे कोने पर और बीच में शहज़ादी सुल्ताना। वो एक टाँग बादशाह पर और दूसरी मलिका पर रख कर बे-ख़बर सो जाति थी। शहज़ादी सुल्ताना की परवरिश बहुत लाड-प्यार से हो रही थी और इस लाड-प्यार ने उसे किसी हद तक बिगाड़ दिया और वो काफ़ी बद-तमीज़ हो गई थी। वो किसी का कहना नहीं मानती थी, खाने की कोई चीज़ पसंद न होती तो उसको फेंक देती। मलिका से चीख़ कर बात करती थी, बाप से चीख़ कर बात तो नहीं करती थी, लेकिन अगर उसे बादशाह की कोई बात पसंद न आती तो दाँत पीस कर उसके चुटकी भर लिया करती थी। ये बात नहीं थी कि वो सिर्फ़ मलिका का कहा ही नहीं मानती थी, बादशाह भी उससे कुछ कहता तो वो उसकी बात भी नहीं मानती थी। ये सब उसके बचपन की बातें थीं। बादशाह और मलिका इन बातों को इसलिए नज़र-अंदाज करते रहे कि वो बच्ची थी और इकलौती थी और शादी के बहुत सालों बाद पैदा हुई थी। मगर बादशाह का माथा उस दिन ठनका, जब अपनी सोलहवीं सालगिरहह की तक़रीब में ग़ुस्से में आ कर उसने केक को ज़मीन पर गिरा दिया। उस तक़रीब में वज़ीर, मुशीर और उमरा अपनी बेगमात के साथ शामिल थे। शहज़ादी सुल्ताना की इस हरकत से बादशाह की सख़्त बे-इज़्ज़ती हुई थी। वो महफ़िल से उठ कर चला गया। खुद मलिका भी सन्नाटे में रह गई थी। उसने शहज़ादी को सरज़निश की तो शहज़ादी उससे बद-ज़बानी करने लगी। उसने मेज़ पर रखे हुए मशरूबों के प्याले ज़मीन पर फेंक दिए और रोती हुई अपने कमरे में चली गई।

अगले रोज़ उसके इस सुलूक का जगह-जगह चर्चा हो गया था। लोग सख़्त अफ़सोस कर रहे थे कि उनका बादशाह किस क़दर अच्छा और रियाया-परवर है मगर उसकी बेटी को देखो, निहायत चिड़-चिड़ी, बद-दिमाग़ और बद-अख़लाक़ है। अल्लाह ऐसी बेटी दुश्मन को भी न दे। बादशाह के कानों में भी ये बातें पड़ने लगी थीं। वो बहुत ग़म-ज़दा था। उसे अंदाज़ा हो गया था कि उसके और मलिका के लाड-प्यार ने शहज़ादी को दो कौड़ी का कर दिया है।

# पश्चिम एशिया संकट, फंस गए रे ट्रंप

*एक ओर वे सबसे शक्तिशाली शासक और विश्व के नीति-नियंता होने के गुमान में हैं और दूसरी ओर ईरान को होर्मुज खोलने के लिए मोहलत पर मोहलत देकर अपनी कमजोरी भी जाहिर कर चुके। यदि उनकी सेना इतनी ही शक्तिशाली है तो ईरान की मारक क्षमता कम होने का नाम क्यों नहीं ले रही है? वह ऐसी-ऐसी मिसाइलें दागने में लगा हुआ है, जिससे अमेरिका भी दंग है और इजरायल भी। ट्रंप कभी ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी देते हैं और कभी उससे शांति वार्ता की पहल करते हैं।*

*ट्रंप ने ईरान के समक्ष शांति वार्ता का जो प्रस्ताव रखा, उसने उसे खारिज ही नहीं किया, बल्कि उनका उपहास भी उड़ाया। वह उन्हें जवाबी धमकी भी दे रहा है। ट्रंप ने ईरान पर हमला करते समय कहा था कि वे वहां सत्ता परिवर्तन के साथ परमाणु हथियारों के निर्माण की उसकी क्षमता खत्म करना चाहते हैं। ईरान में सत्ता परिवर्तन के कोई आसार नहीं, जबकि उसके सुप्रीम नेता खामेनेई समेत कई बड़े सैन्य अफसर मारे जा चुके हैं। यह कहना भी कठिन है कि अमेरिका और इजरायल के हमलों में उसके परमाणु संयंत्र इतने बुरी तरह तबाह हो गए हैं कि वह फिर कभी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल नहीं कर सकेगा। अपनी टैरिफ नीति की लाठी से दुनिया को हांकने वाले ट्रंप न तो खाड़ी देशों को ईरान के हमलों से बचा पा रहे हैं और न ही अपने मित्र देशों और यहां तक कि नाटो देशों को इस युद्ध में सहयोग देने के लिए राजी कर पा रहे हैं। उनके मित्र देश उनका सहयोग करने के लिए इसलिए भी आगे नहीं आ रहे हैं, क्योंकि बहुत समय नहीं हुआ, जब उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी देकर उन्हें तंग किया था।*



वर्ष 2010 की चर्चित फिल्म 'फंस गए रे ओबामा' एक कामेडी फिल्म थी। यह एक त्रासदी से उपजी थी। इसकी कहानी राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका में उभरे आर्थिक संकट से ग्रस्त भारत आए एक एनआरआइ से संबंधित थी। जैसे अमेरिका में आई मंदी ने उस वक्त सारे विश्व को परेशान किया, वैसे ही अमेरिका की ओर से इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर किए गए हमले से आज सारा विश्व त्रस्त है। इस युद्ध को जारी हुए एक महीने से अधिक का समय बीत गया है और कहना कठिन है कि यह कब समाप्त होगा?

यदि अमेरिका इजरायल का साथ नहीं देता तो इस युद्ध की नौबत ही नहीं आती, लेकिन ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने अहंकार के चलते ईरान को वेनेजुएला समझ लिया और बिना यह विचारे उस पर चढ़ाई कर दी कि उसने कितनी एवं कैसी सैन्य क्षमता हासिल कर ली है? वे इसे भी भांप नहीं सके कि ईरान पड़ोसी देशों में हमले करके और होर्मुज समुद्री मार्ग अवरुद्ध कर उनके पसीने छुड़ा देगा। वह फिलहाल सचमुच ऐसा करने में समर्थ है और ट्रंप को सूझ नहीं रहा है कि वे इस युद्ध से कैसे निकलें?

एक ओर वे सबसे शक्तिशाली शासक और विश्व के नीति-नियंता होने के गुमान में हैं और दूसरी ओर ईरान को होर्मुज खोलने के लिए मोहलत पर मोहलत देकर अपनी कमजोरी भी जाहिर कर चुके। यदि उनकी सेना इतनी ही शक्तिशाली है तो ईरान की मारक क्षमता कम होने का नाम क्यों नहीं ले रही है? वह ऐसी-ऐसी मिसाइलें दागने में लगा हुआ है, जिससे अमेरिका भी दंग है और इजरायल भी। ट्रंप कभी ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी देते हैं और कभी उससे शांति वार्ता की पहल करते हैं।

ट्रंप ने ईरान के समक्ष शांति वार्ता का जो प्रस्ताव रखा, उसने उसे खारिज ही नहीं किया, बल्कि उनका उपहास भी उड़ाया। वह उन्हें जवाबी धमकी भी दे रहा है। ट्रंप ने ईरान पर हमला करते समय कहा था कि वे वहां सत्ता परिवर्तन के साथ परमाणु हथियारों के निर्माण की उसकी क्षमता खत्म करना चाहते हैं। ईरान में सत्ता परिवर्तन के कोई आसार नहीं, जबकि उसके सुप्रीम नेता खामेनेई समेत कई बड़े सैन्य अफसर मारे जा चुके हैं। यह कहना भी कठिन है कि अमेरिका और इजरायल के हमलों में उसके परमाणु संयंत्र इतने बुरी तरह तबाह हो गए हैं कि वह फिर कभी परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल नहीं कर सकेगा।

अपनी टैरिफ नीति की लाठी से दुनिया को हांकने वाले ट्रंप न तो खाड़ी देशों को ईरान के हमलों से बचा पा रहे हैं और न ही अपने मित्र देशों और यहां तक कि नाटो देशों को इस युद्ध में सहयोग देने के लिए राजी कर पा रहे हैं। उनके मित्र देश उनका सहयोग करने के लिए इसलिए भी आगे नहीं आ रहे हैं, क्योंकि बहुत समय नहीं हुआ, जब उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी देकर उन्हें तंग किया था। ईरान ने इस माहौल की हवा निकाल दी है कि दुनिया में वही होगा, जैसा ट्रंप चाहेंगे और उनकी जिद के सामने अन्य देशों को झुकना ही होगा। ट्रंप यह कहते रहे हैं कि वे शांति के राष्ट्रपति हैं और सात-आठ युद्ध रोके हैं, लेकिन उनके पास इसका कोई जवाब नहीं कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध क्यों नहीं रोक सके, जिस पर उन्होंने सबसे ज्यादा रियाज किया। शांति का स्वयंभू मसीहा होने के नाते वे खुद को नोबेल पुरस्कार का अधिकारी बताते रहे हैं और उसके न मिलने पर विलाप भी करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने कुल मिलाकर दुनिया को अस्थिर और अशांत ही किया है। वे अपने विरोधी देशों के साथ मित्र देशों से भी बुरा बर्ताव करने के आदी हैं। ट्रंप यह चाहते हैं कि सारी दुनिया उन्हें सलाम करे, लेकिन वे इसके लिए धौंस-धमकी का सहारा लेते हैं।


इसी कारण वे आदर और सम्मान के पात्र नहीं और न हो सकते हैं। ट्रंप एक अविश्वसनीय और अराजक शासक हैं, क्योंकि वे अपने कहे से मुकरने, मनमानी करने और झूठ बोलने में माहिर हैं। वे ऐसा दिखाते हैं कि उनके पास दुनिया की हर समस्या का समाधान है, पर पश्चिम एशिया संकट उनके गले की हड्डी बन गया है। इससे वे कितने कुंठित हैं, इसका पता गत दिनों की उनकी गाली-गलौज वाली पोस्ट से मिला। उनकी भाषा का स्तर कुछ-कुछ हिंदी फिल्मों के इस डायलाग जैसा था-कुत्ते कमीने मैं तेरा खून पी जाऊंगा।

पश्चिम एशिया संकट में बुरी तरह फंस गए ट्रंप सहानुभूति के पात्र नहीं, क्योंकि उन्होंने मनमानी ही की। चूंकि ईरान अमेरिका और इजरायली हमलों से जूझ रहा है, इसलिए वह दुनिया के एक बड़े हिस्से में हमदर्दी हासिल कर रहा है, लेकिन यदि अमेरिका और इजरायल ने मनमानी की तो ईरान भी दूध का धुला नहीं। वहां की सत्ता एक निरंकुश और अपने ही लोगों के प्रति निर्मम बर्ताव करने वाली सत्ता है। उसने अपने ही हजारों लोगों को मारा है। वह इजरायल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की सनक से बुरी तरह ग्रस्त है।

यदि ईरान परमाणु हथियार बना लेता है तो इजरायल के अस्तित्व के लिए तो गंभीर खतरा बनेगा ही, पश्चिम एशिया में दादागीरी कर सबको तंग करेगा और हमास, हिजबुल्ला जैसे आतंकी संगठनों की और खुलकर मदद करेगा।

# सत्ता की हैटट्रिक या विपक्ष की वापसी

*जबकि कांग्रेस की आस अल्पसंख्यक मतों की गोलबंदी पर टिकी है, लेकिन वहां मूल और बाहरी का जटिल समीकरण भी है। 2016 के चुनाव में 64 प्रतिशत असमी हिंदुओं ने जहां राजग के पक्ष में मतदान किया, वहीं 24 प्रतिशत ने कांग्रेसनीत महाजोत को चुना। बंगाली हिंदुओं में 63 प्रतिशत ने राजग और 31 प्रतिशत ने महाजोत को वोट दिया। असमी मुसलमानों में 78 प्रतिशत ने महाजोत के पक्ष में मतदान किया, जबकि राजग को उनके सात प्रतिशत वोट ही मिले। बंगाली मुस्लिमों में से 76 प्रतिशत ने महाजोत को वोट दिया, जबकि राजग को मात्र छह प्रतिशत ने। 2021 के विधानसभा चुनाव में मतदान का रुझान बदला। राजग 67 प्रतिशत असमी हिंदुओं की पसंद बना, जबकि महाजोत को उनके 17 प्रतिशत वोट ही मिले। बंगाली हिंदुओं में भी राजग का मत प्रतिशत बढ़ कर 74 हो गया, जबकि महाजोत 23 प्रतिशत पर अटक*




इस समय तमाम निगाहें पश्चिम बंगाल चुनाव पर टिकी हैं, जहां 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा, लेकिन उससे पहले नौ अप्रैल को होने वाले असम और केरल के चुनाव में भी राजनीतिक दलों का बहुत कुछ दांव पर है। इन राज्यों में हार-जीत सिर्फ भावी सत्ता का ही फैसला नहीं करेगी, राजनीतिक दलों की दशा-दिशा को भी प्रभावित करेगी। दशकों तक कांग्रेस के दबदबे वाले असम के रास्ते ही भाजपा पूर्वोत्तर राज्यों की सत्ता पर काबिज हो पाई। जनसांख्यिकीय परिवर्तन से मूल पहचान के संकट को लेकर अर्से तक छात्र आंदोलन और हिंसा का शिकार रहे असम में 2016 में सरकार बनना भाजपा के लिए सुखद आश्चर्य ही था। वह आरएसएस और भाजपा की दशकों की मेहनत का भी प्रतिफल था, लेकिन कुछ श्रेय कांग्रेस की आत्मघाती राजनीति को भी दिया जाना चाहिए।

असम के बड़े कांग्रेस नेता रहे हिमंत बिस्वा सरमा के 2015 में भाजपा में शामिल होने के बाद ही पूर्वोत्तर राज्यों में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदले। बेशक असम का मुख्यमंत्री बनने के लिए हिमंत को पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार की कठिन कसौटियों पर खरा उतरते हुए पांच साल इंतजार करना पड़ा, लेकिन आज वह उस क्षेत्र में पार्टी के सबसे बड़े नेता हैं। वे जिस तरह हिंदुत्व की आक्रामक राजनीति करते हैं, वह भाजपा को रास आ रही है। कांग्रेस में उनकी सेंधमारी जारी है और लगभग दो दर्जन पूर्व कांग्रेसियों को इस विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट दिलवाने में भी वे सफल रहे हैं। हिमंत शैली की राजनीति असम समेत पूरे पूर्वोत्तर में ही भाजपा के लिए अभी तक फायदेमंद रही है। 126 सदस्यीय असम विधानसभा के चुनाव में हिंदू मतों का ध्रुवीकरण भाजपा की जीत का आजमाया हुआ नुस्खा है, जबकि कांग्रेस की आस अल्पसंख्यक मतों की गोलबंदी पर टिकी है, लेकिन वहां मूल और बाहरी का जटिल समीकरण भी है। 2016 के चुनाव में 64 प्रतिशत असमी हिंदुओं ने जहां राजग के पक्ष में मतदान किया, वहीं 24 प्रतिशत ने कांग्रेसनीत महाजोत को चुना। बंगाली हिंदुओं में 63 प्रतिशत ने राजग और 31 प्रतिशत ने महाजोत को वोट दिया। असमी मुसलमानों में 78 प्रतिशत ने महाजोत के पक्ष में मतदान किया, जबकि राजग को उनके सात प्रतिशत वोट ही मिले। बंगाली मुस्लिमों में से 76 प्रतिशत ने महाजोत को वोट दिया, जबकि राजग को मात्र छह प्रतिशत ने। 2021 के विधानसभा चुनाव में मतदान का रुझान बदला। राजग 67 प्रतिशत असमी हिंदुओं की पसंद बना, जबकि महाजोत को उनके 17 प्रतिशत वोट ही मिले। बंगाली हिंदुओं में भी राजग का मत प्रतिशत बढ़ कर 74 हो गया, जबकि महाजोत 23 प्रतिशत पर अटक गया, पर इसके बावजूद राजग 11 सीटें कम जीत पाया। महाजोत को 10 सीटों का फायदा हुआ। असम का सत्ता संग्राम इस बार भी इन दोनों गठबंधनों के बीच माना जा रहा है, लेकिन इस बार मौलाना बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआइयूडीएफ महाजोत का हिस्सा नहीं है। पिछली बार महाजोत में 20 सीटों पर लड़कर 16 सीटें जीतने वाली एआइयूडीएफ इस बार अकेले लड़ रही है और उसे असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम का समर्थन हासिल है। अजमल और ओवैसी की जुगलबंदी कांग्रेस के अल्पसंख्यक जनाधार में सेंध लगा सकती है। सीट बंटवारे पर कांग्रेस से तकरार के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा भी असम में पहली बार 16 सीटों पर किस्मत आजमा रहा है। उसकी उम्मीदें ऊपरी असम में केंद्रित चाय बागान कर्मियों के समुदाय पर टिकी हैं

# हठ छोड़ें अमेरिका-ईरान

ईरान पर होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए दबाव बढ़ाने के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे दी गई अपनी नई धमकी में जिस तरह यह कहा कि रात भर में पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा, वह आज के युग की भाषा नहीं है। यह बर्बर कबीलाई युग की भाषा है, जब युद्ध के कोई नियम नहीं होते थे और हमलावर बर्बरता की पराकाष्ठा दिखाने में संकोच नहीं करते थे। 21वीं सदी में आदिम युग वाली भाषा सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। क्या यह विचित्र नहीं कि ट्रंप एक ओर यह कह रहे हैं कि अमेरिका के हमलों में ईरान रात भर में मटियामेट हो सकता है और दूसरी ओर वे यह भी चाह रहे हैं कि ईरान के महान लोगों पर ईश्वर की कृपा हो? समझना कठिन है कि उनका



इरादा क्या है? यदि वे समझौते की राह खोज रहे हैं तो उन्हें उसी हिसाब से सलीके से अपनी बात रखनी चाहिए। बीते कुछ दिनों से वे जैसी भाषा बोल रहे हैं, उससे तो बात बनने के बजाय बिगड़ती ही दिख रही है। इसमें संदेह नहीं कि अमेरिका ने इजरायल के साथ ईरान पर हमला बोलकर पश्चिम एशिया में एक गंभीर संकट खड़ा कर दिया, लेकिन इस संकट ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है तो ईरान के कारण भी। ईरान ने समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित कर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। वह इस समुद्री मार्ग को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। यह वह जल मार्ग है, जिससे ऊर्जा के पांचवें हिस्से का नौवहन होता है। इस मार्ग के बाधित होने से पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार गहरा रहा है और इसके चलते तमाम देशों की सरकारों के साथ-साथ आम लोगों के समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है। कहीं-कहीं तो उद्योग-धंधे बंद होने की नौबत आ गई है। गहराते ऊर्जा संकट के चलते महंगाई भी बढ़ रही है। एक तरह से ईरान ने होर्मुज पर कब्जा कर दुनिया को बंधक बनाने का काम किया है। उसकी लड़ाई तो अमेरिका और इजरायल से है। आखिर वह बाकी दुनिया को क्यों तंग कर रहा है? स्पष्ट है कि जहां अमेरिका को अपना रवैया बदलने की जरूरत है, वहीं ईरान को भी। ईरान का यह रवैया ठीक नहीं कि उसे अपनी बर्बादी की कोई परवाह नहीं। यदि वह युद्ध थामने के लिए लचीलेपन का परिचय देने के स्थान पर हठ दिखाता रहेगा तो फिर अपनी तबाही को ही निमंत्रण देगा। उसके जो समर्थक उसे अपने रवैये पर अड़े रहने के लिए उकसा रहे हैं, वे केवल अमेरिका और इजरायल को ही पस्त-परेशान होते हुए नहीं देखना चाहते।

अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई

## लालकोठी सब्जी मण्डी से 15 ट्रक सामान जब्त कर 57 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशो के बाद बुधवार को नगर निगम की सतर्कता शाखा की टीम ने लालकोठी सब्जी मण्डी, हनुमान वाटिका, केष्यावाला पर हो रहे अतिक्रमणों पर बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम की ओर से प्रभावी कार्रवाई की गई जिसमें 15 ट्रक सामान जब्त किया गया और 57 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। इसके साथ ही फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को दुबारा अस्थाई अतिक्रमण न करने की समझाईश भी की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा। आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अस्थाई अतिक्रमण ना करे निगम प्रषासन का सहयोग करें।

## चौंमू में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** शहर के गणेश विहार में एक युवक ने अपने मकान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मनोज गोरा के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही चौंमू थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मृतक का शव चौंमू उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। अभी तक आत्महत्या कारणो का खुलासा नहीं हुआ। प्राथमिक जांच में अभी तक सुसाइड नोट मिलने की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है, घटना के पीछे का कारण स्पष्ट हो सके। पुलिस को प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक का अपनी पत्नी से काफी समय से लड़ाई, झगड़ा चल रहा था पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## दगरा गांव में धारदार हथियारों से हमला, एक गंभीर घायल हायर सेंटर रेफर

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दगरा में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दगरा निवासी स्वीटी पत्नी हरेंद्र सिंह ने राजाखेड़ा थाने में लिखित रिपोर्ट दी है कि 7 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह अपनी जिठानी सपना पत्नी कीर्तिराम एवं ससुर बुध्मचारी के साथ घर पर सो रही थी। इसी दौरान आरोप है कि भजनलाल पुत्र श्रीराम, अनिल व सुनील पुत्रगण भजनलाल तथा दुर्गिया पत्नी भजनलाल निवासी दगरा शराब के नशे में हथियारों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने आते ही बुध्मचारी पर कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों व अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आई महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। हमले में बुध्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो महिलाओं को भी चोटें आई हैं। बताया गया है कि आरोपियों ने घायल को जमीन पर पटककर बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजनों द्वारा घायल को राजाखेड़ा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में घायल का उपचार शमशाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## जेल से बाहर आते ही पांच दिन बाद फिर वारदात, बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** चौमूं पुलिस ने केनरा बैंक के पास से चोरी हुई बाइक के मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है बदमाश के कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है आरोपी के खिलाफ पहले से ही चोरी लूट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज है। आरोपी ने जेल से बाहर आने के 5 दिन बाद ही चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि बाइक चोरी की वारदातों की रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसीपी उषा यादव के सुपरविजन और थानाधिकारी हरबेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने इस कारवाई को अंजाम दिया। मकान से बाहर खड़ी बाइक चुराई थी। थाना अधिकारी हरबिंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित इमरान खान 18 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि 15 मार्च की रात करीब 11:30 बजे इमरान ने अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी अगली सुबह उठने पर गायब मिली। पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई और आरोपी सुनील कुमार प्रजापत उम्र 32 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया गया। सुनील कुमार श्रीरामजीपुरा का निवासी है। और वर्तमान में कानोता में रहता है। आरोपी सुनील कुमार करीब 5 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था और उसने तुरंत चोरी की घटना को अंजाम दे दिया उसके खिलाफ कई थानों में चोरी, लूट और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज है। पुलिस आरोपी से अन्य अपराधीक वारदातों की खुलासा होने की संभावना है।

## ठेला लगाने के विवाद में युवक पर सरियों से हमला, पैर टूटा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में आइसक्रीम का ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक हो गया। बागथर के पास लगे मेले में देर रात एक युवक पर सरियों से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों आइसक्रीम विक्रेता एक ही स्थान पर अपना ठेला लगाना चाहते थे, जिसे लेकर पहले कहासुनी हुई। मामला शांत होने के बाद एक विक्रेता मेला समाप्त होने पर अपना ठेला लगाकर वापस अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दूसरे विक्रेता ने अपने साथियों को बुला लिया और युवक पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सरियों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे पीड़ित चंदन सिंह (निवासी खेरागढ़, उत्तर प्रदेश) का एक पैर टूट गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बराला हॉस्पिटल के चेयरपर्सन रघुनाथ की पुण्यतिथि पर सेवा, समर्पण और नयी सुविधाओं का संकल्प

### 378 यूनिट रक्त संग्रहित, 70 से ज्यादा महिलाओं ने किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स




**चौमूं(निस)।** बराला हॉस्पिटल चौमूं के चेयरपर्सन रघुनाथ बराला की सातवीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ बराला हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ग्यारसी लाल जाट, डॉ. बाबूलाल जाट, डॉ. श्रवण बराला व डॉ. हनुमान बराला ने अपने पूज्य पिताजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी ने रघुनाथ की यादों और उनकी ओर से किए गए पुण्य कार्यों का स्मरण किया। स्व. श्री रघुनाथ जी बराला का एक ही सपना था 'चौमूँ कस्बे में विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों और धन के अभाव में किसी की जान न जाए। उनके सुपुत्रों ने इस सपने को न केवल साकार किया है बल्कि उसे नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। इस वर्ष सातवीं पुण्यतिथि पर बराला हॉस्पिटल ने मानव सेवार्थ चिकित्सा सेवाओं की आसान पहुँच विकसित करने के लिए एक ओर अनुभवी न्यूरोसर्जन,एक न्यूरो फिजिसियन, निःसंतानता के क्षेत्र में नई उम्मीद को लेकर एडवांस IVF सेंटर, डायबिटिज, थायराईड मरीजों के लिए एंडोक्राईनोलोजिस्ट, एक और यूरोलोजिस्ट, ट्रॉमा सेंटर: दुर्घटना के समय 'गोल्डन ऑवर' में मरीजों की जान बचाने के लिए 24 घंटे एडवांस अनुभवी ट्रॉमा टीम का विस्तार किया गया ,जिनकी वजह से मरीजों के समय की बचत के साथ आधुनिक इलाज मिलेगा। अस्पताल निदेशक डॉ. श्रवण बराला ने बताया कि उनका मूल उद्देश्य व्यापार नहीं, बल्कि सेवा है। जैसा कि पिताजी स्व. रघुनाथ जी की मंशा थी अस्पताल उसी दिशा में प्रयास कार्य कर रहा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण बेहतर उपचार से वंचित न रहे। पिताजी के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में बराला परिवार लगातार प्रयास कर रहा है । डॉ.हनुमान बराला ने कहा कि आगामी पुण्यतिथि तक अस्पताल में 'ऑर्गन ट्रांसप्लांट' (अंग प्रत्यारोपण) जैसी जटिल और बड़ी चिकित्सा सुविधाएं शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के मरीजों को और भी बेहतर चिकित्सा सुविधायें मिल सके। डॉ.ग्यारसी लाल बराला एवं डॉ. बाबूलाल बराला ने रक्तदान करने वालों सभी दानियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपका रक्त जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होगा 7 इस बदलते मौसम में विशेषकर रक्त की आवश्यकता अधिक होती है। एक स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आएं। युवाओं का भारी संख्या में रक्तदान के लिए उमड़ना इस बात का प्रतीक है कि पिताजी के सेवा भाव आज भी जन-जन के हृदय में जीवित हैं। रक्तदान शिविर में 378 यूनिट रक्त का संकलन किया गया, जिसमे महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जाट समाज अध्यक्ष भगवान सहाय बधाला, विधायक डॉ.शिखा मील बराला, पूर्व चेयरमेन आशीष दुषाद, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बजरंग सोनी, मुकेश फडया,प.स.स. गोपाल गुलिया, पूर्व सरपंच बाबूलाल टोडावता,उत्तम गोठवाल, मनीष बागोरिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड.चरण सिंह जाट, मक्खन मीणा, मलखान मीणा, कजोड़ गौरा, मुरली निठारवाल, टारगेट एजुकेशन निर्देशक अशोक गौरा, राम कुमार बराला, दानाराम बराला, रामेश्वर यादव, शंकर यादव, लालचन्द झाझडा, अशोक रैगर, प्रभु चौधरी डेयरी, प्रेम बराला, डॉ.सृष्टि चौधरी, डॉ विपिन बराला, डॉ.अभिषेक बराला, डॉ.अमित बराला.,डॉ.दीपिका बराला, डॉ.गिरेन्द्र चिंगथाम, एड. भावना बराला, डॉ.गंभीर सिंह डॉ.एम एल एचेरा, डॉ.नरेश बराला, डॉ.हरफूल चौधरी, राजेश चौधरी, करतार गुलिया, गुलाब लाम्बा एडवोकेट कमल राज मीणा, डॉ.विकास बराला, डॉ अजय कुमावत, डॉ हितेश, डॉ दिनेश चौधरी,डॉ.घनश्याम राठोड़, डॉ.दिनेश जाट, डॉ.सविता, गीता देवी ,धोली देवी, सपना, कोमल, अंजलि, मीनाक्षी, सीमा चौधरी, ममता गौरा, सुमन, रेखा देवी, प्रेम देवी, मोना, अन्नू,मंजू देवी सहित कई नागरिक और अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बिना बुकिंग नहीं मिलेगा सिलेंडर, ई-केवाईसी अनिवार्य

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रहे अंतरराष्ट्रीय हालातों के मद्देनज़र जिले में गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए है। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने और वास्तविक उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियमों में कड़ाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर केवल पूर्व बुकिंग के आधार पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। डिलीवरी के समय उपभोक्ता को अपनी गैस डायरी दिखाना अनिवार्य होगा, ताकि उसमें सही प्रविष्टि की जा सके। यदि डायरी उपलब्ध नहीं है या ई-केवाईसी अधूरी है और हॉकर सिलेंडर वापस ले जाता है, तो उपभोक्ता से अपील की गई है कि वे विवाद न करें और नियमों का पालन करते हुए सहयोग करें। फर्जी कनेक्शनों और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता अब घर बैठे ही अपने मोबाइल के माध्यम से निःशुल्क ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने गैस कंपनी का आधिकारिक ऐप और Aadhaar Face RD ऐप डाउनलोड कर लॉगिन करना होगा तथा फेस स्कैन के माध्यम से पहचान सत्यापन पूरा करना होगा। जिला रसद अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें और गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में विभाग का सहयोग करें। छापेमारी में 8 सिलेंडर जब्त, कार्रवाई जारी विभाग की ओर से जिले में गैस एजेंसियों की नियमित निगरानी की जा रही है। मंगलवार को तीन स्थानों पर छापेमारी कर 8 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं, समर्थ मिष्ठान भंडार पर 19 किलोग्राम के 25 खाली सिलेंडर पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न गैस एजेंसियों की ओर से कुल 2950 सिलेंडरों का वितरण कर आमजन को राहत प्रदान की गई।

## सरसों व चना खरीद के लिए एमएसपी खरीद केन्द्र का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू कृषि मंडी परिसर में 8 अप्रैल से चाकसू क्रय विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन मदनलाल चौधरी तमाडिया की अध्यक्षता में सरसों और चना खरीद के लिए एमएसपी खरीद केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमे मंडी सेक्रेटरी रतीराम गुर्जर के नेतृत्व में शुभारंभ किया गया। शुभारम्भ में उपस्थित उपाध्यक्ष सीताराम नैनवाल, पूर्व उपाध्यक्ष रामपाल शर्मा वह संस्था के अकाउंटेंट वेद प्रकाश मील और गणेश चौधरी वह किसानों की उपस्थिति में हुआ। वही केंद्र पर चना दर 5875 रुपए प्रति क्विंटल से खरीदा जाएगा और अधिकतम तुलाई 40 क्विंटल रहेगी वह सरसों का भाव बाजार में एमएसपी से ज्यादा है इसलिए सरसों का तुलना मुमकिन है वहीं मदनलाल चौधरी ने बताया कि चना तुलाई के लिये करीब 800 किसानों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

## स्कूलों में न्यायिक अधिकारियों ने दी साइबर सुरक्षा की सीख

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिलेभर के विभिन्न स्कूलों में साइबर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला व सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने पुरोहित छात्रावास के पीछे स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि 'क्लिक करने से पहले सोचें, क्योंकि इंटरनेट सब कुछ याद रखता है।'

उन्होंने विद्यार्थियों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले जांच करने तथा निजी जानकारी साझा करने से बचने की सलाह दी। साथ ही साइबर दुर्व्यवहार जैसे फर्जी अकाउंट बनाना, पहचान की नकल करना, साइबर बुलिंग, बिना अनुमति निजी फोटो साझा करना, अपमानजनक मीम, धमकी भरे संदेश और ऑनलाइन पीछा करने जैसे मामलों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान नालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के दिनेश कुमार चौधरी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

इसी क्रम में प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी अलीसा मंसूरी एवं अक्षिता जैन ने भीनमाल रोड स्थित एक विद्यालय में तथा प्रियंका बैरवा एवं पारूल जैन ने लाल पोल स्थित विद्यालय में साइबर अपराधों से बचाव के विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की।

## देबावास की लक्षिता अंग्रेजी विषय की व्याख्याता बनीं, प्रदेश में किया टॉप

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा -2024 के अंग्रेजी विषय का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ। जिसमें जालोर जिले के देबावास गांव की लक्षिता कंवर पुत्री डूंगरसिंह बालावत ने प्रदेश में अंग्रेजी विषय में पहला स्थान पाया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों समेत शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि आरपीएससी द्वारा 2024-2025 में स्कूल व्याख्याता (अंग्रेजी) के लिए भर्ती प्रकिया आयोजित की थी, जिसका परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। जिसमें लक्षिता कंवर ने अंग्रेजी विषय में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव, जिले का नाम रोशन किया है। प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू की, पिता शिक्षक लक्षिता कंवर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा देबावास गांव की स्कूल से शुरू की। इसके बाद उन्होंने स्कूल एवं कॉलेज की शिक्षा पाली जिले के विद्यावाड़ी संस्थान से की। वहीं पोस्ट ग्रेजुएशन(पीजी) उदयपुर से की। लक्षिता के पिता डूंगरसिंह बालावत देबावास भी शिक्षक है और वर्तमान में गांव से सात किलोमीटर दूर सराणा में वाइस प्रिंसिपल के पद पर है। लक्षिता के पिता डूंगरसिंह ने बताया कि लक्षिता शुरू से भी पढ़ाई में काफी रुचि रखती थी और खाली समय में घर पर भी वो किताब पढ़ने में ही समय निकालती थी। इसकी रुचि को देखते हुए हमने पढ़ाई में पूरा सहयोग किया। लक्षिता अभी नेट और कॉलेज लेक्चरर की तैयारी कर रही है। एक बार लक्षिता ने आरएएस की भी परीक्षा दी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बावजूद उसने पढ़ना जारी रखा और हिम्मत नहीं हारी।

कोच्या की ढाणी के सरकारी विद्यालय की अनदेखी से दुर्दशा

# भवनहीन विद्यालय, न पेयजल, न शौचालय, शिक्षक भी डेपुटेशन पर नतीजा: 5 साल में आधे से भी कम रह गया नामांकन

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** केंद्र और राज्य सरकारें भले ही शिक्षा के विस्तार और बेहतर सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती हों, लेकिन सांभरलेक उपखंड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कोच्या की ढाणी की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। यहां पिछले छह महीनों से बच्चों की पढ़ाई बिना स्थायी भवन, बिना मूलभूत सुविधाओं और बिना पर्याप्त शिक्षकों के सहारे चल रही है। हालात इतने खराब हैं कि अब विद्यालय के सामने फिर से छत का संकट खड़ा हो गया है।

### एक नजर में प्रमुख तथ्य:

विद्यालय भवन: 6 महीने पहले जर्जर भवन गिराया गया, नया निर्माण नहीं
वर्तमान व्यवस्था: पहले मंदिर, फिर निजी मकान में शिफ्ट
मूलभूत सुविधाएं: शौचालय, पानी, बिजली का अभाव
शिक्षक संख्या: 8 नियुक्त, 2 प्रतिनियुक्ति पर
नामांकन: 5 साल में लगभग आधा
वर्तमान संकट: निजी मकान भी खाली करने का नोटिस

### भवन टूटा, व्यवस्था भी टूटी:

करीब छह महीने पहले जर्जर विद्यालय भवन को जमींदोज कर दिया गया, लेकिन उसके बाद नए भवन का निर्माण शुरू नहीं हुआ। मजबूरी में बच्चों को पहले पास के शिव मंदिर में बैठाया गया। सर्दियों में ठिठुरते बच्चों को देखकर ग्रामीणों ने पहल करते हुए एक निजी मकान में स्कूल चलाने की व्यवस्था की।

### मूलभूत सुविधाओं का टोटा:

निजी मकान में चल रहे इस स्कूल में
न शौचालय है
न पीने का पानी
न बिजली
न पर्याप्त कक्ष
इन हालातों में छोटे-छोटे बच्चे रोज पढ़ने को मजबूर हैं।

### अब फिर खड़ा हुआ संकट:

जिस निजी मकान में स्कूल चल रहा था, उसके मालिक ने अब भवन खाली करने को कह दिया है। ऐसे में विद्यालय प्रशासन और बच्चों के सामने फिर से खुले आसमान के नीचे पढ़ाई का संकट मंडरा रहा है।

### शिक्षकों की कमी से बिगड़ी व्यवस्था:

विद्यालय में 8 शिक्षक पदस्थापित हैं, लेकिन
2 शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर
प्रधानाध्यापक कैलाशी देवी मीणा भी जयपुर कार्यालय में
शिक्षक विजय लाल एक साल से अन्य ढाणी में
ऐसे में पढ़ाई की व्यवस्था चरमराने लगी है।
नामांकन में लगातार गिरावट
लगातार खराब हालातों का असर अब बच्चों की संख्या पर साफ दिख रहा है।

### शिक्षक कर रहे प्रयास, लेकिन मजबूरी भारी:

प्रधान कुड़ी, संजू और हनुमान स्वामी जैसे शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव के चलते उनकी मेहनत भी बेअसर हो रही है।

### जनप्रतिनिधियों तक पहुंची आवाज, समाधान नहीं:

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विद्याधर सिंह चौधरी, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत और शिक्षा अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विडंबना यह है कि अन्य क्षेत्रों के जर्जर विद्यालयों के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है, लेकिन इस भवनहीन स्कूल की ओर ध्यान नहीं दिया गया।

### बच्चों के भविष्य पर सवाल स्कूल नहीं, छत नहीं, सुविधाएं नही:

ऐसे में कोच्या की ढाणी के बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह विद्यालय सिर्फ कागजों में ही सिमटकर रह जाएगा।

## सारोठिया में विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम सारोठिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं वितरित की गई। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की ओर से प्रदत कक्षा प्रथम से पांचवी तक के सभी नामांकित विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाओं का एक-एक सैट प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य गोपाललाल यादव, दामोदर शर्मा, चेनाराम पूनियां, सतपाल सिंह मीणा, राजकुमारी मीना, सुमित्रा गोदारा व सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के प्रतिनिधि अध्यापक नरेश गुर्जर, श्रवण कुमार आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## मधुमक्खियों के छते को हटाने को लेकर वार्ड संख्या 28 के लोगों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 28 में नीम के पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छते को हटाने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद नंदकिशोर भार्गव के नेतृत्व में वार्ड के लोगों ने बुधवार को एसडीएम मिथिलेश कुमार को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित वार्ड में सांखला भवन के सामने एक पुराना नीम का पेड़ है, जिस पर मधुमक्खियों ने बड़ा छता बना रखा है। हवा चलने पर काफी संख्या में मधुमक्खियां उड़कर राहगिरों पर हमला भी कर देती है। इस संबंध में वन विभाग से भी वार्ता की गई, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उक्त पेड़ काफी बड़ा है और बीच में से बिजली के तार भी निकलते हैं, जिसके चलते उस पेड़ से इस छते को नहीं हटाया जा सकता। इसलिए इस समस्या का अविलंब समाधान करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में वार्ड के किशनलाल सोनी, ओमप्रकाश जांगिड़, विजयसिंह, महेंद्र, भंवरलाल, अशोक टाक, जीवणराम, मंगतुराम सोनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राशन दुकान दूर शिफ्ट होने पर वार्डवासियों आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के वार्ड 28 (पुराना) व 38 (नया) की अधिकृत राशन की दुकान को करीब तीन किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने से वार्डवासियों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित वार्ड के लोगों ने उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपकर दुकान को पुनः वार्ड में ही संचालित करने की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि पहले राशन की दुकान वार्ड में ही संचालित थी, जिससे लोगों को सुविधा मिलती थी। लेकिन अब इसे सरकारी अस्पताल के पास स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों को राशन लाने-ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अतिरिक्त खर्च भी वहन करना पड़ रहा है।वार्डवासियों ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ मिलने के बजाय अब यह व्यवस्था उनके लिए परेशानी का कारण बन गई है। ऐसे में दुकान को पूर्व स्थान पर ही पुनः संचालित किया जाना जरूरी है। इस पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने वार्डवासियों को समस्या के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## सुमेरपुर में आज जनसुनवाई महाकैंप, एक ही छत के नीचे होगा समस्याओं का समाधान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपखंड मुख्यालय सुमेरपुर में गुरुवार को प्रातः 10 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र परिसर में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई एवं अटल जन सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर मौजूद रहेंगे, जहां बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, कृषि, सिंचाई, पुलिस, नगर पालिका, समाज कल्याण, पशुपालन व शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

# नाला टूटा, जिम्मेदारी से बचते अधिकारी, गंदे पानी से लोगों को हो रही परेशानी

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर के पास बने गंदे पानी निकासी नाले को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नाले के क्षतिग्रस्त होने से आसपास की गलियों में गंदा पानी भरने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मामले में जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगरपालिका विगत वर्षों में इस नाले का निर्माण करवाया गया था, लेकिन अब यह नाला जगह-जगह से टूट गया है और पानी की निकासी बाधित हो गई है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह नाला अभी गारंटी पीरियड में था और यदि हां, तो इसके टूटने की जिम्मेदारी किसकी है। स्थानीय लोगों में यह भी चर्चा है कि कहीं ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए मामले को दबाया तो नहीं जा रहा। मामले के समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे अधिशाषी अधिकारी सहदेव चारण नगरपालिका टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नाले की सफाई व्यवस्था शुरू करवाई। उन्होंने बताया कि मोहल्लेवासियों की शिकायत पर मौके पर आकर कर्मचारियों के सहयोग से नाले की सफाई करवाई जा रही है। साथ ही नाले के लेवल में भी गड़बड़ी सामने आई है, जिसे ठीक करने के लिए लेवलिंग का कार्य कराया जा रहा है। हालांकि, नाला कब बना, किस फर्म की ओर से निर्माण किया गया और यह कैसे टूटा–इन सभी सवालों पर अधिकारी फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। इधर, स्थानीय लोग नाले के निर्माण और क्षति को लेकर पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं।

## नर्मदा एफआर पेयजल परियोजना की मुख्य पाइप लाइनों से जोगनी खेड़ा व अजीतपुरा ग्राम में 15 अवैध कनेक्शन हटाए

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** वृहद पेयजल परियोजना की मुख्य पाईप लाईनों पर किये गये अवैध जल कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नर्मदा परियोजना खण्ड जालोर के अधिशासी अभियन्ता धर्मचन्द सोनी के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता दिगम्बर सिंह व जितेन्द्र कुमार की ओर से ग्राम जोगनी खेड़ा व अजीतपुरा में 15 अवैध कनेक्शन हटाए गए। पीएचईडी परियोजना वृत सांचौर के अधीक्षण अभियन्ता लिच्छुराम चौधरी ने बताया कि नर्मदा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं पर किए गए अवैध जल कनेक्शनों को हटाने, पेनल्टी वसूल करने व कानूनी कार्यवाही करने के लिए परियोजना खण्ड प्रथम सांचौर के अधिशासी अभियन्ता भूरसिंह मीणा, परियोजना खण्ड जालोर के अधिशासी अभियन्ता धर्मचन्द सोनी व परियोजना खण्ड भीनमाल के अधिशासी अभियन्ता बलवीर सैनी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया हैं। ये टीमें अवैध कनेक्शन हटाने के साथ अवैध रुप से टैंकरों से पानी बेचने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करेगी। उन्होनें बताया कि अवैध कनेक्शन धारियों के विरूद्ध विभागीय दर से पेनल्टी राशि वसूलने एवं राजकीय संपति को नुकसान पहुंचाने (3 पीडीपी), पानी का बहाव बाधित करने, आमजन को पीने के पानी से वंचित करने व अवैध रूप से पानी चोरी कर व्यापार करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। इस कार्यवाही के लिए विभागीय टीमों की ओर से दिन एवं रात्रि के समय रैकी कर सूचना इकट्ठी की जाएगी। सम्पूर्ण क्षेत्र के गाँवों-ढाणियों में इस तरह के कृत्य करने वाले व्यक्तियों की सूची विभाग की ओर से गुप्त रूप से बनाई जा रही है। उन्होनें अपील की हैं कि यदि विभागीय पाइप लाइन से अवैध रूप से पानी चोरी किया जा रहा है तो वे स्वयं ही अवैध कनेक्शन, अवैध रूप से पानी का क्रय विक्रय करना बन्द कर लेवें अन्यथा पकड़े जाने पर ऐसे कृत्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने एवं पेनल्टी वसूली की कार्यवाही भी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से आने वाले दिनों मे ऐसी कार्यवाही को और गति दी जाएगी। साथ ही उन्होनें बताया कि सर्व साधारण अवैध कनेक्शनधारियों की सूचना वॉटसऐप पर भिजवा सकते हैं।

## सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 11 को

**मण्डावा(निस)।** देश मे नारी शिक्षा के प्रणेता, प्रथम शिक्षक व महान समाज सुधारक, महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वीं (जयंती )जन्मोत्सव अगामी 11 अप्रैल को फतेहपुर मार्ग स्थित सैनी समाज संस्था के बालाजी मन्दिर प्रांगण मे धूमधाम से मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कस्बा मंडावा की सैनी समाज की प्रतिभावान छात्राओं, जिन्होंने 10वीं व 12वीं में 75' या उससे ऊपर अंक हासिल किए हैं, उनको प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सैनी समाज बंधुओ से आग्रह है की वो अपने अपने परिवार समाज के होनहार प्रतिभावान बहनों जिन्होंने कक्षा 10 व 12 में 75' या इससे ऊपर अंक हासिल किए हैं, वह अपने मार्कशीट की एक प्रति सैनी समाज संस्था के सेक्रेटरी महेन्द्र कुमार सैनी को सूचित करें।


### नाम परिवर्तन

यह कि मैंने अपना नाम आसिब (AASIB) से बदलकर आसिब गोपालपुरिया (AASIB GOPALPURIYA) रख लिया है। मैने अपना नाम स्वेच्छा से परिवर्तन किया है। भविष्य मे मुझे आसिब गोपालपुरिया से जाना-पहचाना जावे।

**आसिब गोपालपुरिया पुत्र युसूफ जाति-लिलगर निवासी-लिलगरान मस्जिद के पास वार्ड न.31 सुजानगढ, जिला-चुरू**

### कार्यालय नगर परिषद्, सरदारशहर (जिला चुरू)

Ph. 01564-220681, 220030 Email: eonpsdr@gmail.com

क्रमांक :– न.प.स. / 2026–27 / 36–37 दिनांक :– 06.04.2026

**निविदा सूचना सं. 01, 02 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से नगर परिषद् सरदारशहर द्वारा 03 कार्यो के लिए निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2026–27 व 05 कार्यो के लिए ई–निविदा सूचना संख्या 02 वर्ष 2026–27 आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद् सरदारशहर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

| S.No. | निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा सूचना सं. 01 वर्ष 2026–27 | DLB2627A0170 | DLB2627WSOB00513<br>DLB2627WSOB00514<br>DLB2627WSOB00516 |
| 02 | ई–निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2026–27 | DLB2627A0172 | DLB2627WSOB00517<br>DLB2627WSOB00519<br>DLB2627WSOB00520<br>DLB2627WSOB00522<br>DLB2627WSOB00524 |

राज.संवाद / सी / 26 / 484

आयुक्त
नगर परिषद् सरदारशहर

### कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 06-04-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of drainge and coumputer work invited from interested bidders upto 11:30 AM 09-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

**UBN is: DLB2627WSRC00544, DLB2627WSRC00545, DLB2627WSRC00547, DLB2627WSRC00548, DLB2627SSRC00550**

Raj.Samwad/C/26/481

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH

No:-08-24 Date: 06-04-2026

**Notice Inviting Bid No 01/2026-27**

Bids for 01 (One Nos) work are invited from interested bidders upto 12.00 PM dated 15.04.2026 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 4.90 Lacs

NIB No:- PWD2627A0049
1. PWD2627SSOB 00197

DIPR/C/6601/2026

**Executive Engiener**
**PWD Dn. Sujangarh**


## शिक्षक संघ ने अवकाशों में मनमानी कटौती के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के आह्वान पर उपशाखा मण्डावा कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं की ओर से राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की ओर से विभागीय अवकाशों में मनमानी कटौती का कार्मिकों ने मंगलवार को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र बुडानिया ने बताया कि हाल ही में जारी शिविरा पंचांग- 2026-27 में शिक्षा विभाग की ओर से ग्रीष्मावकाश, शीतकालीन अवकाश एवं संस्था प्रधान अधिकृत अवकाशों में कटौती की गई हैं, जिसका पूरे शिक्षा समाज में रोष व्याप्त है। ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष रणवीर सिंह बुडानिया ने बताया कि इसी क्रम में उपशाखा मण्डावा के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया। इसके लिए संगठन ने आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। 20 अप्रैल को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी (कोटा) में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार, रामकरण सिंह,अरुण कुमार, दिनेश कुमार, आशीष कुमार, अरुण कुमार, ओम प्रकाश, रिछपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, विनोद, सुधीर,रामचंद्र, सरिता, सुनीता, हेमंत सहित अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांक : न.प. सु / भूमि शाखा / 2026 / 231 दिनांक 07-04-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा 69ए के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो, आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री विष्णु प्रसाद मोदी पुत्र श्री महावीर प्रसाद | सुजानगढ़ | मूनलाईट सिनेमा हॉल के पीछे, वार्ड न. 33 | 146.14 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद सुजानगढ़


## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान जोर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं। बैठक के दौरान पेयजल आपूर्ति, एलपीजी गैस आपूर्ति सहित अन्य जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी व्यापक समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत दूंकर

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं दूंकर/2026-27/01-05 दिनांक : 06.04.2026

**निविदा सूचना संख्या 01 / 2026-27**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | रा.उ.मा.वि. बैनाथा जोगलिया (बीदासर) में कक्षा-कक्ष निर्माण मय बरामदा ग्राम पंचायत दूंकर | 850000 | 17000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/ अपलोड करने की तारीख | 07.04.2026प्रात 10.00 बजे से 15.04.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.04.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.04.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2627A0027 UBN No. ZCR2627WSOB00037 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दूंकर
पं.स बीदासर (चूरू)

प्रशासक
ग्राम पंचायत दूंकर
पं.स बीदासर (चूरू)

# रक्तदान शिविर में 424 यूनिट रक्त संग्रह



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी की ओर से'रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा' के तहत बुधवार को राजभवानी वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 424 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं हैं।दान किया गया एक यूनिट रक्त किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता हैं। विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष ओम नरानीवाल व प्रद्युम्न सिंह ने भी संबोधित किया। सोसायटी सचिव शंकर लाल गाडरी ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह,पूर्व प्रधान कैलाश मीना, सत्यनारायण जोशी, प्रधान जीतू मूँदडा व अंकित तिवाड़ी समेत गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# जमालपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को न्यूट्री किट वितरित, पोषण जागरूकता का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जमालपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से न्यूट्री किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराना व स्वस्थ मातृत्व को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री देवी तथा बाल विकास टीम के सदस्य व क्षेत्र समन्वयक कृष्ण कुमार की मौजूदगी में गर्भवती महिलाओं को न्यूट्री किट प्रदान की गई। किट में 5 किलो घी, भुना चना, पिंड खजूर, गुड़, मूंगफली, मखाने सहित अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्री शामिल थी, जो गर्भवती महिलाओं और गर्भ में पल रहे शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं को किट में शामिल सामग्री के उपयोग, संतुलित आहार के महत्व और नियमित स्वास्थ्य जांच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री देवी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिससे क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। वहीं, क्षेत्र समन्वयक कृष्ण कुमार ने भी महिलाओं को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# स्कूल में फीस व बस किराए की बढ़ोतरी का विरोध



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** एवीएस पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नियमों के विरुद्ध की गई भारी फीस व बस किराया वृद्धि के विरोध में अभिभावकों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया कि पिछले सत्र तक बस का वार्षिक किराया 5 हजार था, उसे सीधे बढ़ा कर 18,500/- कर दिया गया है। परिवहन शुल्क में एक साथ 70 फीसदी की यह वृद्धि पूर्णतः अनुचित हैं। वहीं फीस में भी 30-40 फीसदी की वृद्धि की गई हैं। राजस्थान विद्यालय फीस विनियमन अधिनियम-2016 के अनुसार कोई भी निजी संस्थान बिना स्कूल लेवल फीस कमेटी की पारदर्शी बैठक और अभिभावकों की सहमति के फीस नहीं बढ़ा सकता हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि फीस वृद्धि के साथ ही विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों की स्कूल पोशाक व पाठ्य पुस्तकें भी एक ही विक्रेता से खरीदने पर मजबूर किया जाता हैं। विद्यालय की ओर से ऐसी पाठ्य पुस्तकें चयन की जाती है जिसमें विद्यालय को मोटा कमीशन प्राप्त हो सके। जबकि शिक्षा विभाग की ओर से इस सन्दर्भ में पूर्व में प्रदेश के सभी विद्यालयों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं किन्तु विद्यालय के लिए उन दिशा निर्देशों की अवहेलना की जा रही हैं। अभिभावकों ने पुराने शुल्क ढांचे के आधार पर ही प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन को आदेशित करने की मांग की हैं।

# पुलिस ने 4 स्थायी वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बिजौलियां(निस)।** पुलिस थाना बिजौलियां की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान में कार्यवाही करते हुए 4 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि हत्या के प्रयास में एक साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी राजेन्द्र ओड निवासी अमरपुरा (थाना काछोला) को ग्राम अमरपुरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। वहीं अलग-अलग मामलों में स्थाई वारंटी इकबाल निवासी बिगोद, जावेद निवासी भियाणा (कोटा ग्रामीण), अरूण भट निवासी सुभाषनगर (भीलवाडा) का निस्तारण किया गया। स्थाई वारंट निस्तारण में कॉन्स्टेबल हेमाराम व शिवपाल का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।पुलिस टीम में थानाधिकारी स्वागत पांड्या, हेड कॉन्स्टेबल रामसिंह, कॉन्स्टेबल हेमाराम, शिवपाल व पुष्पेन्द्र शामिल रहे।

# गौसेवा में बढ़ी जनभागीदारी: गहलोत परिवार का संकल्प, सुथार परिवार की पहल बनी प्रेरणा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला परिसर में इन दिनों गौसेवा को लेकर जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र के विभिन्न समाजों के लोग गौशाला से जुड़कर सेवा कार्यों में योगदान दे रहे हैं और अपने पारिवारिक व मांगलिक अवसरों को भी गौसेवा से जोड़ते हुए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भामाशाह घांची भगाराम पुनाजी गहलोत व उनकी धर्मपत्नी रतन देवी गहलोत श्रीराम गौशाला पहुंचे और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। गौमाता की देखभाल, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सुव्यवस्थित प्रबंधन को देखकर वे प्रभावित हुए। प्रारंभ में गहलोत परिवार ने एक टॉली हरा चारा समर्पित कर सेवा कार्य की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने गौसेवा के प्रति निरंतर जुड़ाव रखते हुए प्रतिदिन एक टॉली के हिसाब से कुल चार टॉली हरा चारा समर्पित करने का संकल्प लिया। भगाराम गहलोत ने बताया कि गौशाला में पहली बार आकर उन्हें आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई, जिसके चलते उन्होंने नियमित सेवा का निर्णय लिया। इस सेवा कार्य में उनके सुपुत्र प्रदीप गहलोत, विकास गहलोत, पौत्र मोहित गहलोत, लोकेश गहलोत, पुत्रवधू सुखी देवी व नीता देवी का भी सहयोग रहा। वहीं दूसरी ओर, सुथार परिवार ने भी अपने पारिवारिक अवसर को गौसेवा से जोड़ते हुए पहल की। लीला देवी, धर्मपत्नी जगदीश सुथार (निवासी कोलीवाड़ा) ने अपने सुपुत्र सुमित कुमार के विवाह उपलक्ष में गौमाता के लिए दो कार्टून गुड़ समर्पित किए।

गौशाला सेवा समिति, कोलीवाड़ा ने दोनों परिवारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में सेवा, समर्पण व संस्कारों की भावना को बढ़ावा मिलता है। समिति ने आमजन से भी गौसेवा में सहभागिता बढ़ाने का आह्वान किया। क्षेत्र में बढ़ती सहभागिता के चलते गौसेवा को लेकर सकारात्मक माहौल बना है। गौशाला प्रबंधन का कहना है कि यदि इसी प्रकार सहयोग मिलता रहा तो गौसेवा का दायरा और विस्तृत होगा। इस दौरान गौशाला व्यवस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत, मोहनदास वैष्णव, खीमाराम कुमावत सहित अन्य मौजूद रहे।

# वांछित बदमाशों पर पुलिस का 'सर्जिकल स्ट्राइक', हिस्ट्रीशीटर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

## गौवंश चोरी से लेकर अवैध हथियार तक, ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराध जगत में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** जिले में अपराधियों के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान के तहत पाली पुलिस ने एक बार फिर अपने सख्त तेवर दिखाते हुए वांछित बदमाशों पर करारा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक पाली के निर्देशन में तखतगढ़ थाना पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन कुख्यात आरोपियों को दबोचकर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई से अपराधियों में खौफ साफ नजर आ रहा है। लंबे समय से फरार चल रहे बदमाशों को चुन-चुनकर पकड़ने की रणनीति ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। प्रेस नोट के अनुसार, गौवंश चोरी के चर्चित मामले में मुख्य आरोपी दिनेश कुमार पुत्र प्रभुराम (32) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड में 19 से अधिक मामले दर्ज हैं। लंबे समय से फरार इस हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

इसी कार्रवाई के तहत पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक अन्य आरोपी को भी दबोचा। उसके कब्जे से हथियार बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मारपीट और अन्य लंबित प्रकरणों में फरार तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, इस पूरी कार्रवाई में थाना स्तर की टीम ने लगातार दबिश देकर बदमाशों की कमर तोड़ने का काम किया। पुलिस का स्पष्ट संदेश है– 'अब अपराध किया तो बचना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन होगा।'

एसपी पाली के सख्त निर्देशों के तहत जिले में वांछित अपराधियों, नकबजनी, चोरी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी और तेज किया जाएगा। आमजन ने पुलिस की इस कार्रवाई को राहत भरा कदम बताते हुए सराहना की है, वहीं अपराध जगत में यह साफ संकेत चला गया है कि अब कानून का शिकंजा और कसने वाला है।

# गोचर जमीन पर 'गंभीर गड़बड़ी' का बड़ा खुलासा! बामनेरा में नियमों की अनदेखी, सरपंच पर निलंबन की सिफारिश

## अवैध प्लॉटिंग-नीलामी के आरोप, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान; जांच रिपोर्ट के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम पंचायत बामनेरा में गोचर भूमि और सार्वजनिक संपत्तियों से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिला परिषद पाली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की जांच रिपोर्ट में नियमों की अनदेखी, प्रक्रिया में खामियां और प्रशासनिक लापरवाही के संकेत मिलने के बाद सरपंच/प्रशासक रमणीक त्रिवेदी के विरुद्ध कार्रवाई और निलंबन तक की अनुशंसा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, गोचर भूमि पर निर्धारित नियमों को दरकिनार कर कथित रूप से प्लॉट काटने और नीलामी जैसी गतिविधियों के आरोप सामने आए हैं। जांच में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन प्रक्रियाओं में आवश्यक स्वीकृतियां नहीं ली गईं और वैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं हुआ, जिससे सरकारी जमीन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले का दूसरा अहम पहलू सार्वजनिक संपत्ति से जुड़ा है। रिपोर्ट में बताया गया कि सरकारी भूमि पर निर्मित सार्वजनिक शौचालय और हैंडपंप को नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व में जारी नोटिसों के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जाने से प्रशासनिक जवाबदेही पर भी प्रश्नचिह्न लगा है। सूत्रों के मुताबिक, पूरे प्रकरण में पद के दुरुपयोग और प्रभाव का इस्तेमाल किए जाने के आरोप भी चर्चा में हैं। पंचायत समिति स्तर से कई बार निर्देश जारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होना, मामले को और गंभीर बना रहा है। इधर, मामला उजागर होने के बाद ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन किया जाएगा।



### इनका कहना है:

रमणीक त्रिवेदी, प्रशासक, बामनेरा: हम पर लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार और भ्रामक हैं। गोचर भूमि में केवल वृक्षारोपण के लिए सफाई करवाई गई थी। किसी भी प्रकार की अवैध नीलामी या पेड़ों की कटाई नहीं की गई है। जो भी सामग्री निकली, उसकी विधिवत रसीद काटकर राजस्व में जमा करवाई गई है।

**सुरेश नागोरी, सामाजिक कार्यकर्ता**

जो लोग खुद को ईमानदार बताते हैं, उनकी ईमानदारी पर सवाल हैं। अगर मेरे आरोप गलत हैं तो उन्हें साबित कर मेरे खिलाफ कार्रवाई करें, मैं हर जांच के लिए तैयार हूं। अब नजर प्रशासन पर जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब सबकी निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो यह मामला न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि जिले भर में प्रशासनिक सख्ती का बड़ा उदाहरण बन सकता है।

# ट्रांसफर-प्रमोशन नहीं होने पर शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने ट्रांसफर और प्रमोशन नहीं होने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर निधि बीटी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने ग्रीष्मावकाश में कटौती, संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाश में कमी तथा स्कूलों का संचालन 1 जुलाई के बजाय 21 जून से शुरू करने के आदेश का विरोध किया। शिक्षकों ने मांग की कि इन आदेशों को तुरंत वापस लिया जाए। संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने बताया कि ज्ञापन में शिक्षा विभाग में पारदर्शी तबादला नीति लागू करने, पिछले 8 वर्षों से बंद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले शुरू करने तथा वर्ष 2018 की तर्ज पर स्थानांतरण प्रक्रिया लागू करने की मांग की गई है। इसके साथ ही वर्ष 2012 के बाद नियुक्त करीब 70 हजार शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से राहत दिलाने, स्कूलों में खाली पदों को भरने और लंबित पदोन्नतियां शीघ्र पूरी करने की मांग भी उठाई गई। शिक्षकों ने यह भी मांग की कि स्कूलों में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर सभी रिक्त पद भरे जाएं, जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाए तथा शिक्षकों को अन्य कर्मचारियों की तरह 30 उपार्जित अवकाश (पीएल) का लाभ दिया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे और कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षा विभाग के फैसलों के विरोध में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डेल पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. खण्डेल / निविदा / लेखा / 2026-27/58 दिनांक 1-4-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 01/2026-27

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत खण्डेल के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2627GLOB00048
TENDER ID - 2026_ PRD_ 550470-1

प्रशासक
ग्राम पंचायत खण्डेल
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खण्डेल
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)



## कार्यालय ग्राम पंचायत हिरनोदा पंचायत समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)

क्रमांकः- ग्रा.पं. हिरनोदा / निविदा / लेखा / 2026-27/11 दिनांक 7-4-2026

### ई-निविदा सूचना संख्या 04

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत हिरनोदा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमो के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित / ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZJP2627GLOB00047
TENDER ID - 2026_ PRD_ 550482-1

प्रशासक
ग्राम पंचायत हिरनोदा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हिरनोदा
पं.स. साँभरलेक (जयपुर)



## कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली - बहरोड )

क्रंमाक : न.प.कोट./भूमि/ 2026 / 113 दिनांक :- 18/04/2026

**प्रारूप - 10**
**(नियम 6 ( 7 )**
**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्री कृष्णा मेडिकल रिसर्च फाउन्डेशन सोसाईटी जयपुर जरिये प्रेसिडेन्ट श्री सुनील कांवर पुत्र श्री हंसराज पटेल जाति गुर्जर निवासी कांवर नगर वासडी, तहसील कोटपूतली ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (धार्मिक आध्यात्मिक चैरिटेबल संस्था के अलावा अन्य संस्था) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली - बहरोड, कोटपूतली | बासडी (कोटपूतली ) | 280/1, 2216/285 | 0.5000 हैक्टेयर | धार्मिक आध्यात्मिक चैरिटेबल संस्था के अलावा अन्य संस्था |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन ... को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपरिषद् कोटपूतली



## Juris De Jure Law Firm

MUKUND PANCHARIYA
(ADVOCATE)
Rajasthan High Court

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल रवि शंकर सोनी पुत्र नंद लाल सोनी, दुकान संख्या 7 18 द्वितीय तल जे बी मार्केट कस्बा रतनगढ़ रामसागरियां कुआं जिला चूरू राजस्थान क्षेत्रफल 112.5 वर्ग फीट के वर्तमान स्वामी हैं तथा उक्त संपत्ति को गिरवी रखकर Cholamandalam Investment & Finance Company Limited से ऋण लोन ले रहे हैं। उक्त संपत्ति का मूल पट्टा बीकानेर सरकार द्वारा रामविलाश पुत्र रामपतदास एवं सागरमल पुत्र रामविलाश के पक्ष में जारी किया गया था। तत्पश्चात दिनांक 18.06.1990 को ललित कुमार पुत्र स्व. शिवकुमार द्वारा बनारसी देवी पत्नी राजकुमार एवं पुष्पा देवी पत्नी कन्हैयालाल के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित कर उप पंजीयक रतनगढ़ में पंजीकृत कराया गया। इसके बाद दिनांक 19.12.2000 को नगर पालिका रतनगढ़ द्वारा निर्माण अनुमति पत्र संख्या 2000 / 5831 जारी किया गया। आगे चलकर दिनांक 22.06.2010 को कन्हैयालाल पुत्र सुंदरलाल बिनोद कुमार कडेल श्रीमोहन कडेल एवं गीता सोनी द्वारा मनोज कुमार कडेल के पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित किया गया जो दिनांक 23.06.2010 को उप पंजी AR.A III, कोलकाता में पंजीकृत हुआ। तत्पश्चात दिनांक 26.07.2024 को मनोज कुमार कडेल स्वयं एवं पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के रूप में द्वारा गिरधारी लाल चावला पुत्र नेमीचंद खटीक के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित कर उप पंजीयक रतनगढ़ में पंजीकृत कराया गया बुक संख्या 01, वॉल्यूम 520, पृष्ठ 195, क्रमांक 202403338102561 अंततः दिनांक 11.11.2024 को गिरधारी लाल चावला द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख मेरे मुवक्किल रवि शंकर सोनी पुत्र नंद लाल सोनी के पक्ष में निष्पादित कर उप पंजीयक रतनगढ़ में पंजीकृत कराया गया। अतः यदि किसी व्यक्ति संस्था को उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का दावा अधिकार या आपत्ति हो विशेष रूप से उक्त संपत्ति के विरुद्ध लिए जा रहे ऋण के संबंध में तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर अपने प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा बाद में प्राप्त किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक 07.04.2026
जयपुर

मुकुंद पंचारिया (अधिवक्ता)
राजस्थान उच्च न्यायालय
कार्यालय रू 711, सातवीं मंजिल, लीमेंट्स मॉल, डीसी, एम, अजमेर रोड, जयपुर
मोबाइल 7793033590, 9829290229

# राजस्थान विधानसभा में सेवानिवृत्ति समारोह तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

## विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने संवेदनशीलता का दिया परिचय

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति कितने अधिक संवेदनशील है, इसका उदाहरण उन्होंने एक बार पुनः बुधवार को विधानसभा के तीन कर्मियों के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिया। विधानसभाध्यक्ष देवनानी पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के लगभग सभी सेवानिवृति कार्यक्रमों में लगातार उपस्थित रहते आए है। बुधवार को



विधानसभा के तीन कर्मियों अनुभाग अधिकारी सत्यनारायण सैनी, वरिष्ठ लिपिक ताराचन्द बाटड और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सागर देवी के सेवानिवृत्ति समारोह में भी वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए। इस समारोह में राज्य के स्वायत्त शासन व नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। देवनानी और खर्रा ने सेवानिवृत्त हुए तीनों कर्मियों का साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया और सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृति के सभी समारोहों में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की मौजूदगी पर विधानसभा कर्मियों ने उनका हृदय के अंतरंग भावी से आभार जताया। इस अवसर पर बोलते हुए विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधानसभा में नियुक्ति पाना और सेवाएं देना एक गौरवपूर्ण बात है। उन्होंने विधानसभा कर्मियों का आव्हान किया कि वे सभी विधानसभा की गरिमा को बनाए रखने वाले कार्य करें तथा ऐसा कोई काम नहीं करें, जिससे राजस्थान विधान सभा की गरिमा और विश्वास को ठेस पहुँचे। उन्होंने कहा कि विधानसभा को सर्वश्रेष्ठ बनाने में विधानसभा के प्रत्येक कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। देवनानी ने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक कर्मी को पदोन्नति पाने का पूरा हक है लेकिन उस पद के लिए वे अपने आप को साबित करें तथा कम्प्यूटर और ए.आई के वर्तमान युग में सीखने की प्रवृति रखते हुए निरन्तर प्रशिक्षण लेकर अपनी योग्यता को बढाए। इस अवसर पर बोलते हुए राज्य के स्वायत्त शासन व नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने तीन दशकों से अधिक सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं के प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि उनका भावी जीवन निरापद रहेगा और वे अपने अनुभवों से स्वयं के परिवार, समाज, प्रदेश और देश के विकास में सहभागी बनेगें। इस मौके पर राजस्थान विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव संजीव शर्मा और राजस्थान विधान कर्मचारी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष रवि जैन सहित विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय भूरमल मिश्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 6 में श्रीमती स्नेहप्रभा-जय कुमार शर्मा के सौजन्य से मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना सनातन परंपरा के अनुसार मंत्रोचारण के बीच पंडित मदन महाराज द्वारा की गई। प्रधानाचार्या रिंकू सोनी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक भंवरलाल पांडर, अजीत सिंह चौहान, छगनलाल सांखला, गोवर्धन जांगिड़, पवन कुमार इंदौरिया आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर भामाशाहों ने बालिकाओं से मेहनत व लगन से शिक्षा हासिल कर देश का सुनागरिक बनने की अपील की।

## चौहान का जिला अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के चुनावों में चूरू जिला अध्यक्ष पद पर रतननगर नगरपालिका के वरिष्ठ सहायक मनोहर सिंह चौहान के निर्वाचित होने पर बुधवार को नगरपालिका रतनगर के प्रांगण में पालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से उनको मिठाई खिलाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष चौहान ने कहा कि शीघ्र ही चूरू जिले का दौरा कर कर्मचारियों की समस्या सुनकर समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी साथियों से सलाह करके जिला कार्यकारी व तहसील अध्यक्षों की नियुक्ति की जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों से सहयोग की उम्मीद जताई। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ अभियन्ता मुकेष कुमार, कनिष्ठ सहायक शंकरलाल पुनियां, राजाराम यादव, अमित कुदाल, चिरजींव सैनी, ऑपरेटर आषुतोष उपाध्याय, श्यामसुंदर शर्मा, विकास भाटिया, पूर्व पार्षद शाबिर अली व सुरेष गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## मोदी के सीकर जिला कलक्टर का पदभार ग्रहण करने पर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशीष मोदी के सीकर जिला कलक्टर पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को अग्र बंधुओं ने सीकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर आईएएस मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज, सीकर जिलाध्यक्ष अनिल तोदी ,जिला महामंत्री मणिशंकर खेतान प्रदेश मंत्री शुभम मोदी अग्रवाल समाज लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष विमल चिरानिया, पूर्व युवा महामंत्री मनीष दोदराजका ने मोदी को गुलदस्ता भेंट कर दुपट्टा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया और लक्ष्मणगढ़ आने का निमंत्रण दिया।

## प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होती : संदीप शर्मा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नानीबाई जैपुरिया राबाउमावि, मण्डावा में बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहने के उपलक्ष में विजयोत्सव मनाया गया। इस दौरान दर्जनभर प्रतिभावान बेटियों का माला पहना कर, शॉफा ओढ़ाकर तथा मिठाई खिला कर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता संदीप शर्मा ने कहा कि जिस तरह पानी अपना रास्ता खुद तय करता है उसी तरह प्रतिभा को अपना रास्ता खुद तय करना चाहिए। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है और ना ही उसे बंधक बनाया जा सकता है। विद्यार्थी अपने अभिभावकों पर बोझ न बनकर, बल्कि अपनी काबलियत को प्रदर्शित उनका सहारा बनें। इसलिए अधिक से अधिक देश निर्माण भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, बालकिशन भाटीवाड, बजरंगलाल बालाण व अरविन्द कुमार सैनी आदि मंचासीन अतिथि रहे।

## तहसीलदार व पशुपालन पालन विभाग ने गौशालाओं का किया संयुक्त निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांवों की गौशाला का तहसीलदार और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। गौशाला निधि नियम 2016 और गौशाला सहायता के अंतर्गत जिला कलक्टर और संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग की ओर से गठित दल ने गांव उडसर लोडेरा, भींवसर, बुकनसर छोटा, गाजुसर और हरियासर घड़सोतन में संचालित गौशालाओं का तहसीलदार रतनलाल मीणा और पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ हंसराज कड़ेला ने संयुक्त भौतिक सत्यापन और निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने गौशालाओं में पशुओं के चारा, पानी, छाया और साफ सफाई और गौशालाओं के रिकॉर्ड संधारण की जांच की। तहसीलदार ने गौशालाओं में गौवंश को पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। पशुपालन विभाग डॉ हंसराज कड़ेला ने गौशाला संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ ख्यालीराम सांडेला ने पशुओं में डीवरमिंग और टीकाकरण के बारे बताया। निरीक्षण के दौरान पशु गणना का कार्य आशा कुमारी,




अजय कस्वां, मनोज कुमार, दिनेश तालनिया आदि पशुधन निरीक्षकों ने किया। पशु परिचर कणाद पारीक और महेंद्र कुमार ने आवश्यक सहयोग किया। इस अवसर पर गौशालाओं के प्रतिनिधि मांगीलाल शर्मा, किशनसिंह, परमेश्वरलाल, पूर्व सरपंच मुखराम सारण, नवनीत भांभू, भैराराम शर्मा, भवानी सिंह पडिहार, कानसिंह, ब्रह्मानंद जोशी, नथूराम जोशी आदि उपस्थित रहे।

## लंबोर टोल धरना समाप्तः 15 किमी दायरे के गांव टोल से मुक्त, किसानों को मुआवजे पर बनी सहमति

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** लंबोर टोल प्लाजा पर पिछले कई दिनों से चल रहा किसानों का धरना बुधवार को विशाल जनसभा में तब्दील हो गया और प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद आखिरकार समाप्त हो गया। दिनभर चली बातचीत के बाद यह सहमति बनी कि टोल के आसपास 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी गांवों को टोल शुल्क से मुक्त किया जाएगा। इसके अलावा जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण में गई है, उन्हें मुआवजा देने पर भी सहमति बनी है। इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों में राहत की भावना देखने को मिली। धरने के दौरान बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टरों और पिकअप वाहनों में सवार होकर पहुंचे। सभा में हनुमानगढ़ से मंगेज चौधरी, तारानगर से निर्मल प्रजापत, उमराव सारण, एडवोकेट गायत्री पूनिया और चरण सिंह सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने गैस, पेट्रोल जैसी बढ़ती महंगाई और आमजन की समस्याओं पर चिंता जताई





तथा कहा कि लोगों का सरकारी तंत्र पर विश्वास कम होता जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक टोल को बचाने के लिए भारी प्रशासनिक अमला तैनात किया गया, मानो किसान कोई अपराधी हों। वहीं किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। मौके पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, एएसपी, डीवाईएसपी, थाना अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। धरने में एडवोकेट गायत्री पूनिया के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं पैदल नारेबाजी करते हुए पहुंचीं, जिसने आंदोलन को और मजबूती दी। कार्यक्रम का संचालन अजीत पूनिया ने किया।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ(निस)।** शहर के समीप ढोलास गांव स्थित श्री कामधेनु गौशाला में गुरुवार को धार्मिक माहौल के बीच कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। गांव की गलियों में निकली कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा का नेतृत्व लक्ष्मी गौतम व नितेश गौतम ने किया, जबकि यजमान प्रदीप दाधीच ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर विधिवत कथा प्रारंभ करवाई।कार्यक्रम के दौरान स्व. रघुवीर प्रसाद जांगिड़ (नरोदड़ा) की स्मृति में निर्मित पक्षी टावर का लोकार्पण उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी व पुत्र निरंजन जांगिड़ ने किया। वहीं शिलांग के भामाशाह अजय अग्रवाल ने अपने माता-पिता शिवकुमार अग्रवाल व किरण देवी की स्मृति में बने देवालय एवं मूर्तियों का अनावरण किया। इसी क्रम में बिमल बजाज ने अपने दिवंगत पुत्र अनूप बजाज की स्मृति में निर्मित आधुनिक भोग रसोई का फीता



काटकर गौशाला को समर्पित किया।व्यासपीठ से पंडित परमेश्वर लाल गुरुकृपा ने भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत संगम है, जिसका श्रवण मनुष्य को मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने भीष्म पितामह के चरित्र का वर्णन करते हुए उनके त्याग, निष्ठा व धर्मपालन को जीवन का आदर्श बताया।अंत में गौशाला समिति के एडवोकेट उम्मेद सिंह, बलदेव सिंह व नादान सिंह शेखावत ने भामाशाहों व सहयोगियों का आभार जताया। इस अवसर पर पार्षद संजीव भानुका, प्रकाश सारण, भंवरलाल सारण, गिरधारी लाल जाजोदिया, रवि कुदाल, सुधीर दाधीच, पंडित विकेश शर्मा, जगदीश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गौभक्त मौजूद रहे। संचालन सुशील दाधीच ने किया।

## किसान-व्यापारी पूरक, प्रतिस्पर्धी नहींः किशनगढ़ मंडी में बोले केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़ (अजमेर)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने बुधवार को किशनगढ़ कृषि मंडी पहुंचकर किसानों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर महत्वपूर्ण पहल की। इस दौरान उन्होंने दोनों वर्गों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि किसान और व्यापारी प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं।

### अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

मंत्री चौधरी ने कहा कि कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किसान और व्यापारी दोनों के बीच संतुलन और विश्वास जरूरी है। उन्होंने मंडी से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा।

### 5 करोड़ के विकास कार्यों को मिलेगी गति

उन्होंने बताया कि मंडी के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 5 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं। जर्जर सड़कों के सुधार के लिए अधिकारियों को एक सप्ताह में स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए गए, जिससे जल्द ही कार्य शुरू हो सके।



### किसानों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

